खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 4 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 304 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,073 अंक उछला पेज 2



युकी भांबरी एटीपी युगल टॉप -20 में शामिल खेल टाइम्स



इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है 'ओरछा' सम्पादकीय



टैरिफ मामला: अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत पेज 12

# धामी सरकार ने किया उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार जुलाई 2026 से मदरसा बोर्ड खत्म करने जा रही है। नई व्यवस्था में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले विधानसभा सत्र में मदरसा बोर्ड खत्म करने की घोषणा करते हुए इस वर्ष जुलाई से सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे लाने और उनकी मान्यता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से किए जाने की बात कही -शेष पृष्ठ दो पर



हमारी सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का फैसला लिया है, हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय लिया था। अब ये प्राधिकरण तय करेगा कि अल्पसंख्यक बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाएगी। ये प्राधिकरण सिलेबस तय करेगा। सभी अल्पसंख्यक संस्थाएं उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेंगी...

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

■ **मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा सिलेबस**

# लोकसभा में राहुल के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

## आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य बजट सत्र से निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

इन सदस्यों में श्री टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वड़िंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी. किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कुछ कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

## देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल आब्जर्वर नियुक्त किया था। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया है कि कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है।

### मप्र-यूपी व राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई।

# मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें: सुप्रीम कोर्ट

## लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने पर कोर्ट का कड़ा रुख, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए। पीठ ने व्हाट्सएप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित -शेष पृष्ठ दो पर



■ **किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता**

## सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया।

मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिए लाया गया था। मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है।

# अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कहा: इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा**
■ **ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर राजग सांसदों ने मोदी का किया अभिनंदन

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी घोषणा को लेकर राजग सांसदों ने मंगलवार को संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। इस घोषणा की सराहना करते हुए भाजपा सासंदों ने प्रधानमंत्री का स्वागत 'जय मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा।

# उत्तराखंड में रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/ चकराता।** मंगलवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा से पौंटा साहिब जा रही हिमाचल रोडवेज की एक बस कालसी क्षेत्र के मीनस मार्ग पर क्वानू के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

इस दर्दनाक हादसे में यासमीन बेगम पत्नी नेक मोहम्मद निवासी क्यारला नेरवा, रिचा पत्नी वीरेंद्र, निवासी बिजमल शिमला व धन बहादुर निवासी क्यारला, नेरवा हिमाचल प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 यात्री घायल हुए हैं। जिसे पुलिस ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायल यात्रियों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब एक छोटे वाहन को बचाने या ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक दिनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी पोपाट शिमला ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से नीचे लुढ़कते हुए सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। वहीं इस हादसे के बाद जिला प्रशासन में भी हलचल मच गई और आनन-फानन में एडीएम केके मिश्रा टीम के साथ घायलों का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया गया है कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे।



■ **उत्तराखंड-हिमाचल सीमा पर हुआ बस हादसा, 33 यात्री हुए घायल, एक गंभीर**

# ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इन्कार कर दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।



■ **कहा: किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी**

# अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलीकॉप्टर करेगी सप्लाई

**नई दिल्ली।** इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है।

यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलीकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला है।

■ **भारतीय अफसरों को 360 करोड़ रिश्वत देने का था आरोप**

# भारत ने टैरिफ में कटौती पूरी तरह से हासिल की: लिंडसे

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी सीनेटर** लिंडसे ग्राहम ने सोमवार को कहा कि भारत ने भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते के तहत घोषित आयात शुल्क में कटौती पूरी तरह से हासिल की है। उन्होंने इस कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा।

यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी, 2026 को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। श्री ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की ओर इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आपसी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि इस युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश - पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। सीनेटर ग्राहम ने दावा किया कि भारत के आचरण ने आयात शुल्क में कटौती को पूरी तरह जायज ठहराया है।



■ **अमेरिकी सीनेटर ने कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा**

### भारत-अमेरिका समझौते से रुपये में जबरदस्त तेजी

**मुंबई।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में 121 पैसे की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा मंगलवार को 119.50 पैसे की बढ़त के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 90.23 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। खबर लिखे जाते समय रुपया 121 पैसे की मजबूती के साथ 90.2850 रुपये प्रति डॉलर पर था।

## संक्षिप्त समाचार

### बुल्डोजर एक्शन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के जरिए तोड़फोड़ जारी रहने की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। घरों और इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है, जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्जा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है, उसके बाद कानूनी जरूरतों को पूरा करने का दिखावा करके उसे तोड़ दिया जाता है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

### ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट दस को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए टाल दी है। ईडी ने अपनी याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के ऑफिस में एजेंसी की तलाशी अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल एम-पंचोली की पीठ ने मंगलवार को ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर किए गए काउंटर-शपथ पत्र का जवाब देने के लिए समय मांगने पर सुनवाई को 10 फरवरी तक के लिए टाल दिया।

### अर्थव्यवस्था से समझौता कर बीजेपी ने कितना कमीशन लिया: अखिलेश

# अमेरिकी बाजार खोलना किसानों से धोखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ सीधा धोखा है। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता को बताए कि देश की अर्थव्यवस्था से समझौता कर उन्होंने कितना कमीशन लिया है। इस फैसले से केवल किसान ही



**केवल किसान ही नहीं, निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी: सपा**

नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी, जिससे रोजमर्रा की चीजें और महंगी होंगी। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियों के प्रवेश से धीरे-धीरे किसानों की आय घटेगी और वे मजबूर होकर अपनी जमीन बड़े पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों को बेचने पर विवश होंगे। यह उसी किसान-विरोधी सोच की उपज है जिसने भू-अधिग्रहण जैसे क़ानून लाए और खाद के लिए किसानों को लाइन में लगाकर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीज कंपनियों से, फिर पेस्टीसाइड कंपनियों से, साइलो निर्माण, फसल बीमा, न्यूनतम कीमत तय करने और फसल खरीद-फरोख्त तक हर स्तर पर कमीशनखोरी की जाएगी।

### फॉर्म-7 के जरिए 'एक करोड़ से ज्यादा वोट काटने' की साजिश में भाजपा : सपा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म-7 को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी प्रिटेड फॉर्म के जरिए फर्जी शिकायत के आधार पर बड़े पैमाने पर पीडीए, खासकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा-वार पेन ड्राइव में एक्सेल शीट के माध्यम से सूची भेजी गई हैं और करीब एक करोड़ 99 हजार 710 वोट हटाने की साजशि चल रही है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा हथियार होता है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 को लेकर पूरे प्रदेश से शिकायतें मिल रही हैं। इसी वजह से उन्हें लोकसभा छोड़कर लखनऊ आकर मीडिया से बात करनी पड़ी।यदि चुनाव आयोग इसमें असफल रहता है तो भाजपा का झंडा अपनी बिल्डिंग पर लगा ले। अखिलेश यादव ने बड़े संख्या में भरे गए फॉर्म-7 को दिखाते हुए कहा कि इस धांधली को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए। हर कागजी फार्म पर निर्वाचन आयोग के होलोग्राम हो।

# केंद्र भारत-यूएस समझौते की संसद में दें जानकारी

### बसपा प्रमुख मायावती ने किया आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर जमीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक



निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में उसके साथ व्यापार समझौता किया है, जिससे देश की स्थिति कमजोर हुई है।

श्री रमेश ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा ब्यौरा संसद में रखा जाना चाहिए और इसपर विस्तृत चर्चा करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमे. रिकी कृषि मंत्री ने भारत द्वारा कृषि आयात उदारीकरण का दावा किया है। इससे लगता है कि यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान और उसके फील्ड मार्शल असीम मुनीर को खुलकर समर्थन करने का उल्लेख किया।

# पुलिस गोली न चलाए, तो क्या गोली खाए: योगी

### एनकाउंटर पर सवाल वालों को जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पुलिस पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की मुठभेड़ की कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब इन सवालों का सीएम योगी जवाब दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति को फिर से स्पष्ट किया है।

सीएम योगी ने कहा कि अपरा. धियों के खिलाफ हमारी जो जीरो टॉलरेंस वाली नीति है, उससे समझौता नहीं किया जाएगा। लोग सवाल उठाते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मारी? तो क्या पुलिस गोली न मारे तो क्या गोली खाए। उन्होंने आगे कहा कि जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि कानून सबके लिए बराबर हो, यहां



कोई अपना-पराया नहीं है। गलत करने वालों पर वही कठोर कानून लागू होगा, जो माफियाओं पर लागू होता है, हमारा प्रयास रहा है कि जो भी कार्रवाई हो कानून के दायरे में रहकर हो, लेकिन अगर अपराधी कानून से भयभीत नहीं है, तो उसे उसी की भाषा में समझाना जरूरी हो जाता है, जो भाषा उसे समझ जाती है। सीएम योगी ने कहा कि अगर अपराधी के पास गोली चलाने की स्वतंत्रता है,तो पुलिस के पास भी पिस्तौल है, उसे यह पिस्तौल इसलिए दिया गया है कि वह अपरा. धियों का डटकर मुकाबला करे। अपराधी जिस भी भाषा में समझता है, उसे उसी भाषा में जबाव दे सके।

# यूपी के दस जिलों में गिरे ओले 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गई और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग



**बदला मौसम, कई जिलों में दृश्यता शून्य**

20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों के हक में: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा।ष्उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 191945
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 264559
प्रति किलो



# अमेरिका से व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 2,072. 67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 83,739.13 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा



था। दोनों सूचकांकों का यह तीन सप्ताह का उच्चतम स्तर है। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गई। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही। रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 121.75 पैसे चढ़कर 90.2775 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गई। भ्समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर नौ प्रतिशत से ज्यादा उछल गया। बजाज फाइनेंस में साढ़े छह प्रतिशत और इंडिगो में साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। पावरग्रिड, सनफार्मा और बजाज फिनसर्व में चार से पांच प्रतिशत के बीच तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिद्रा, टीसीएस, भारती एयरटेल, इंफोसिस और एशियन पेंट्स में एक से दो प्रतिशत के बीच तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में गिरावट रही।

### गिरावट के बाद सोना और चांदी ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में पिछले 5 दिनों से रिकॉर्ड गिरावट के बाद मंगलवार को उछाल देखा गयाा है। दोपहर बाद करीब 4 बजे मार्च डिलीवरी वाली चांदी 28,298 रुपये बढ़कर 2,64,559 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई। इससे पहले शाम तीन बजे चांदी की कीमत 29,621 रुपये बढ़कर 2,65,882 रुपये प्रति किलो पर थी। दूसरी ओर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का भाव 7,954 रुपये तक चढ़कर 1,51,945 रुपये 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। यहां 22 कैरेट की कीमत 1.42 लाख के पार निकल गई है, चांदी ने 3 लाख प्रति किलो का बड़ा आंकड़ा छू लिया है। यहां 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,700 प्रति 10 ग्राम और चांदी 300000 प्रति किलो बिकी।

# चावल, चीनी और दालें रहीं महंगी, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर रहे। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 21 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 16 रिंगिट टूटकर 4,213 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 2.48 प्रतिशत की तेजी में 54.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 18 रुपये बढ़े। मूंगफली तेल में 16 रुपये और वनस्पति में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी की कीमत भी सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

दाल.दलहन: दाल चना 7808.23 रुपये, मसूर काली 8128.18 रुपये, मूंग दाल 10128.18 रुपये, उड़द दाल 10563.94 रुपये, तुअर दाल 10922.82 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटल ऋ गेहूं दड़ा 2859.30 रुपये और चावल 3850.71 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंऋ 3309. 74 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4294.38 रुपये और गुड़ 4998.85 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17640.61 रुपये, मूंगफली तेल 18072.53 रुपये, सूरजमुखी तेल 16292.58 रुपये, सोया तेल 13948.40 रुपये, पाम ऑयल 12618.52 रुपये और वनस्पति 14544.95 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...**

थी। डा. पराग ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उक्त बोर्ड में प्रोफेसर विद्वान को मनोनीत किया गया है जोकि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारित करेगी। इसमें सभी अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। डा. पराग ने बताया कि इसमें डा.सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष, प्रोफेसर राकेश जैन, डा. सैयद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन , डा. एल्बा मेड्रिले, प्रोफेसर रो. बिना अमन,प्रो. गुरमीत सिंह को सदस्य बनाया गया है। साथ ही समाज सेवी राज. ेंद्र बिष्ट और सेवानिवृत अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण भी सदस्य सूची में रहेंगे।

**मेटा-व्हाट्सएप...**

किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला, सड़क किनारे सामान बेचने वाला व्यक्ति, केवल तमिल जैसी किसी क्षेत्रीय भाषा को समझने वाला नागरिक या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति से इस तरह की जटिल शर्तों के निहितार्थ को समझने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सूचित सहमति के महत्व पर जोर देते हुए न्यायालय ने कहा कि नागरिकों के निजता अधिकारों में किसी भी प्रकार की कटौती अस्वीकार्य है। पीठ ने व्हाट्सएप की डेटा साझा करने की प्रक्रिया की तुलना चोरी करने के एक सभ्य तरीके से करते हुए मामले की गंभीरता का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश के खिलाफ व्हाट्सएप की अपील पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने संकेत दिया कि वह इस अपील पर तभी विचार करेगी, जब व्हाट्सएप स्पष्ट और बिना शर्त यह लिखित आश्वासन देगा कि वह विज्ञापन या किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य से यूजर्स का डेटा मेटा के साथ साझा नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने दो. हराया, किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के व्यापारिक हितों के लिए नागरिकों की निजता से समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने इस मामले में 10 फरवरी को अगले आदेश पारित करने की बात कही है।

# यूपी में 4,000 मदरसों को कथित विदेशी फंडिंग की जांच अंतिम चरण में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करीब 4,000 मदरसों को कथित तौर पर विदेशी फंडिंग मिलने के मामले की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक जांच एजेंसियां रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रही हैं, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

दूसरी तरफ जांच के आगे बढ़ने के साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अवैध फंडिंग की जांच सभी शैक्षणिक संस्थानों में समान रूप से होनी चाहिए, न कि सिर्फ मदरसों तक सीमित रहे। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में एक से अधिक जांच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच टीम द्धएसआईटी ऋ जिसकी अगुवाई एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड के पुलिस महानिरीक्षक

**सभी संस्थानों की जांच होनी चाहिए: धर्मगुरु**

कर रहे हैं, जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले नौ जनवरी को यूपी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच से संबंधित दिशा-निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है और सभी मदरसों के बैंक खातों, लेन-देन और फंडिग क्ृोतों का सत्यापन कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े मदरसे बनाए गए हैं, जिनके आय क्ृोत और वित्तीय विवरण स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मदरसों के विदेशी फंडिंग से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों को मिलने वाली सभी प्रकार की फंडिग का ब्योरा उपलब्ध कराएं। इस बीच धर्मगुरुओं ने जांच के दायरे को लेकर आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मदरसों और स्कूलों के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश मदरसे दान के सहारे चलते हैं, जहां लोग शिक्षकों के वेतन और छात्रों के भोजन के लिए छोटी-छोटी रकम देते हैं। कई मदरसे मुफ्त शिक्षा देकर देश की साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, हालांकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि का कोई स्थान नहीं है। वहीं, संगठन के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विदेशी या अवैध फंडिग की जांच पूरी तरह जायज है, लेकिन यह सिर्फ मदरसों तक सीमित न रहकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक भी होनी चाहिए।

# टैरिफ में कटौती से सहारनपुर काष्ठ उद्योग में जश्न, जताया आभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के निर्णय को यहां के काष्ठ कला उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

फैसले के बाद सहारनपुर के काष्ठ कला कारोबारियों और कारीगरों ने दीपावली जैसा उत्सव मनाते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। करीब सात से आठ हजार करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार वाले सहारनपुर के विश्वविख्यात काष्ठ हस्तशिल्प उद्योग पर पिछले आठ-नौ महीनों से संकट के बादल मंडरा रहे थे। अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत किए जाने के बाद निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई निर्यातक आर्थिक दबाव में आ गए। उद्यमियों का कहना है कि अमे. रिका भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है और उसकी मांग में गिरावट का सीधा असर स्थानीय उद्योग पर पड़ा। सहारनपुर की प्रमुख निर्यातक फर्मों के प्रतिनिधियों ने कहा कि टैरिफ में कटौती से कारोबार को नई गति मिलेगी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति मजबूत होगी। उनका मानना है कि अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में सुधार से यूरोपीय बाजार में भी दबाव कम होगा। कारीगरों ने इसे उद्योग के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निर्यात फिर से रफ्तार पकड़ेगा और रोजगार मिलेगा।

# चोरी के तीन मामले सुलझे, दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**आरोपियों के कब्जे से चेरी के तीन एलॉय व्हील टायर सहित एलॉय व्हील खोलने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार व वारदात में प्रयुक्त हुंडई ऑरा कार बरामद की गई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साउथ-वेस्ट जिला पुलिस के किशनगढ़ थाना स्टाफ ने वाहन चोरी की वारदातों में शामिल दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और तकनीकी निगरानी के जरिए पुलिस ने दोनों आरोपियों पर शिकंजा कसा है। आरोपियों के कब्जे से चेरी के तीन एलॉय व्हील टायर सहित एलॉय व्हील खोलने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और वारदात में प्रयुक्त हुंडई ऑरा कार बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित (37) और केतन टोकस के रूप में हुई। दोनों आरोपी नई दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

दरअसल, 29 जनवरी को थाना किशनगढ़ में ऑनलाइन ई-एफ आईआर संख्या 80008769/ 26, धारा 303(2)/ 317(2)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता वी कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके हुंडई ऑरा कार से पार्किंग के दौरान अज्ञात चोर एलॉय व्हील और टायर चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई, जिसमें 28 जनवरी को शाम करीब 5:30 बजे दो से तीन संदिग्ध युवक शिकायतकर्ता की कार के आसपास घूमते हुए नजर आए। फुटेज के विश्लेषण में एक हुंडई कार को संदिग्ध वाहन के रूप में चिन्हित किया गया।

जांच में सामने आया कि संदिग्ध वाहन आरोपी अंकित के नाम पर पंजीकृत है। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों की गतिविधियों को लाजपत नगर, महिपालपुर और किशनगढ़ इलाकों में ट्रेस किया। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर आरोपी अंकित को वाहन समेत गिरफ्तार कर लिया। लगातार पूछताछ के दौरान अंकित ने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर तीन चोरी किए गए एलॉय व्हील टायर सहित बरामद किए गए। आगे की पूछताछ में उसके साथी केतन टोकस को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एलॉय व्हील खोलने और नट ढीले करने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद हुए। इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए एसआई धर्मेंद्र, हेड कांस्टेबल योगेश, हेड कांस्टेबल अशोक, कांस्टेबल संजीव और कांस्टेबल धर्मेंद्र की एक विशेष टीम गठित की गई थी। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव, एसएचओ किशनगढ़ की निगरानी में और मेल्विन वर्गीस, आईपीएस, एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी अंकित पहले ड्राइवर के रूप में काम करता था और बाद में रैपिडो पर हुंडई ऑरा कार चलाने लगा। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और चोरी से प्राप्त पैसों का इस्तेमाल नशीले पदार्थों के लिए करते थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना किशनगढ़ के तहत दर्ज कुल तीन चोरी के मामलों का खुलासा किया है। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## महिला को दिनदहाड़े हिप्रोटाइज कर सवा दो लाख रुपये के गहने उतरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में एक महिला को दिनदहाड़े हिप्रोटाइज करके सवा दो लाख रुपये के गहने उतरवा लिये। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने महिला के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता महिला रजनी परिवार के साथ यादव नगर इलाके में रहती है। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब वह समयपुर लेबर चौक से दवाई लेकर वापिस घर लौट रही थी। एक अंजान व्यक्ति ने उससे एटीएम के बारे में पूछा,उसी वक्त उस वक्त के पास एक ओर व्यक्ति आ गया। जिन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि कंपनी से उन्होंने रुपये चुराए हैं। कोई रुपये देख सकता है। उसके साथ एक महिला भी साथ साथ चल रही थी। उसी वक्त महिला ने कहा कि रुपये हम दोनों आधे आधे बांट लेगें। वह उनकी बातों में आ गई। उनके साथ वह चलने लगी। बातों बातों में आरोपियों ने उसके सोने के गहने उतरवाकर रख लिये और फरार हो गए। जिसके बारे में उसने अपने घर आकर परिवार को बताया।

# स्कूल एजूकेशन एक्ट पर रोक लगाने से इंकार का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 2025 पर किसी भी प्रकार की रोक लगाने से इंकार करने का स्वागत किया है की और कहा है की यह दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 आने वाले अनेक दशकों के लिए भाजपा की दिल्ली सरकार का स्कूल छात्रों के अभिभावकों के लिए तोहफा है। कल सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के एफिडेविट को स्वीकार करने के बाद निजी स्कूलों के लाखों रूपए रोज की फीस के बड़े वकील की दलीलों को काट कर कहा की दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 आगामी 2026-27 वर्ष से लागू होकर अभिभावकों के हितों की रक्षा करने में सक्षम है अत: निजी स्कूलों की याचिका पर आगे सुनवाई की जरूरत नही है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में चाहें कांग्रेस की सरकार रही हो या फिर अरविंद केजरीवाल की इन्होने निजी स्कूल प्रबंधकों से सांठगांठ करके इन्हें लगभग हर वर्ष स्कूल फीस ही नही एडमीशन चार्ज एवं डेवलपमेंट चार्ज की आड़ में अभिभावकों की लूट की छूट दी पर दिल्ली में गत वर्ष 2025 मे भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार के बनते ही जैसे ही निजी स्कूलों ने फिर फीस बढ़ानी चाही तो दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद दिल्ली एजूकेशन एक्ट 2025 ले आये।

उन्होंने कहा है की अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से दिल्ली की जनता पूछना चाहती है की आप लगातार शिक्षा में सुधार की बात करते थे पर फिर भी हर वर्ष फीस बढ़ने देते थे, अगर आप सच में गम्भीर थे तो आप ने दिल्ली एजूकेशन एक्ट 2025 जैसा कोई एक्ट क्यों नही बनाया ?दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 ना सिर्फ अभिभावकों की स्कूल फीस निर्धारित करने में भूमिका सुनिश्चित करता है। यह एक्ट ना केवल आगामी 3 शिक्षा सत्रों तक की फीस निर्धारित करने में सक्षम है बल्कि उससे आगे भी फीस तभी बढ़ा सकेंगे जब अभिभावक समिति की स्वीकृति होगी।

# बजट में दिल्ली की समस्याओं को हल करने पर फोकस: बिधूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि 2026-27 के आम बजट में दिल्ली के परिवहन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, प्रदूषण और कानून-व्यवस्था पर खास ध्यान दिया गया है। इनसे दिल्ली की जनता का जीवन स्तर बेहतर होगा बल्कि नई योजनाओं से रोजगार और विकास के रास्ते भी खुलेंगे।

दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित संवाददाता सम्मेलन में कार्यालय मंत्री बृजेश राय भी उपस्थित थे। उन्होंने संवादाता सम्मेलन में कहा कि आम बजट में परिवहन पर सबसे ज्यादा फोकस है जिसमें सड़क, रेल, मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन शामिल है। आवागमन में सुविधा से न केवल लोगों का समय और पैसा बचता है बल्कि रोजगार बढ़ता है और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।

उन्होंने कहा कि बजट में पूरे देश में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का 6 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें से 27328 करोड़ रुपए की योजनाएं केवल दिल्ली के लिए ही हैं। इनमें शिवमूर्ति से महिपालपुर तक टनल और एम्स से महिपालपुर तक एलिवेटिड रोड शामिल हैं। इन दोनों योजनाओं पर क्रमश: 3500 और 5000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा पंजाबी बाग से टीकरी बॉर्डर तक बनाए जाने वाले रोड पर 1504 करोड़ रुपए, आश्रम से बदरपुर तक बनने वाली रोड पर 513 करोड़ रुपए और महरौली से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक बनने वाली रोड पर 1461 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अर्बन एक्सटेंशन रोड यानी यूईआर से जुड़ने वाली सड़कों पर भी 15000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में रेलवे ने दिल्ली के लिए 2711 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। 2009 से 2014 के बीच दिल्ली को रेलवे औसतन 96 करोड़ रुपए की योजनाएं ही देता रहा है।



**बजट को लेकर दक्षिण सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।**

## एक नजर

### जो कहा वो किया-सरकार देगी होली दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली भाजपा ने 2025 चुनाव से पूर्व जो वादे किया वो पूरा कर रही है - दिल्ली भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार अब देगी होली दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर जिसके लिए 242 करोड़ रुपए का फंड स्वीकृत किया गया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है हमारी चुनाव घोषणा थी फ्री गैस सिलेंडर होली दिवाली पर देने की थी पर अब हम दिल्ली वाले रेखा गुप्ता सरकार के आभारी हैं की इन्होने हर राशनकार्ड धारक के बैंक खाते में 853 रूपये डालने की घोषणा की है ताकि उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार थोड़ा आगे पीछे भी गैस सिलेंडर फ्री पा सकेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने पाइपलाइन गैस लेने वालों को भी यह सुविधा देने के लिए मुख्य मंत्री का धन्यवाद किया है।

### गणेश कार्तिकेय शो के 100 एपिसोड पूरे होने पर उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब का पौराणिक गाथा गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय दर्शकों को भगवान गणेश (निर्णय समाधिया) और शिव परिवार की कहानियों से मोहित कर रहा है। आध्यात्मिक भव्यता को गर्मजोशी भरे, सहज पारिवारिक पलों के साथ जोड़ते हुए यह शो खूबसूरती से दर्शाता है कि किस प्रकार दिव्य परिवार प्रेम, जिम्मेदारी और संघर्ष का अनुभव करता है।

भगवान शिव (अविनेश रेखी) और देवी पार्वती (श्रेनु पारिख) के दिव्य गृह में। शो के 100 एपिसोड पूरे होने के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, पूरी टीम कृतज्ञता के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मना रही है। शो की वर्तमान कथा, जो भगवान गणेश और पवित्र अष्टविनायक यात्रा की गाथाओं का अनुसरण करती है, दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ गई है।

### पुस्तकालय में तोड़फोड़ करने पर जेएनयू ने 5 छात्रों को निलंबित किया

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने पांच पीएचडी विद्यार्थियों को दो सेमेस्टर के लिए निष्कासित कर दिया है, जिनमें जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के चार पदाधिकारी शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को 21 नवंबर, 2025 को डॉ. बी. आर. आंबेडकर केंद्रीय पुस्तकालय में प्रवेश द्वार पर लगे 'चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी' (एफआरटी) उपकरण में तोड़फोड़ करने का दोषी पाया गया था। निलंबन पत्र के अनुसार, किझाकूट गोपिका बाबू, अदिति मिश्रा, सुनील यादव, दानिश अली और नीतीश कुमार को तत्काल प्रभाव से पूरे परिसर में 'प्रतिबंधित' कर दिया गया है और उन पर 20,000-20000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।संपर्क करने पर जेएनयू प्रशासन ने इन विद्यार्थियों को निलंबन पत्र जारी किये जाने की पुष्टि की। लेकिन इस पत्र पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार किया।

### कुलपति ने किया डीयू आर्ट्स फैकल्टि में वंदे मातरम् हॉल का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ आर्ट्स में "वंदे मातरम हॉल" का उद्घाटन किया। इसके साथ ही हॉल के द्वार पर पूर्ण वन्दे मातरम के शिलालेख का अनावरण भी कुलपति द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे मातरम हॉल अनेकों वर्षों तक प्रेरणा का काम करेगा। कुलपति ने कहा कि वंदे मातरम ने भारत के हर संकट में भारत का साथ दिया है। आज देश वंदे मातरम के 150 वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि 1948 से लेकर 2005 तक इस हॉल में अनेकों कॉन्वोकेशन हुए और भारत के राष्ट्रपति सहित अनेकों महान विभूतियों ने इस हॉल में अपने अपने कदम रखे। जब भी डीयू का इतिहास लिखा जाएगा तो इस हॉल का इतिहास भी लिखा जाएगा।

प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में जब 2021 में उन्होंने पदभार ग्रहण किया तो शंकर लाल हॉल, टैगोर हॉल और कॉन्वोकेशन हॉल को देखने का अवसर मिला। ये हॉल काफी जीर्ण अवस्था में थे। हमने निर्णय लिया कि इनका नवीनीकरण किया जाए। इनमें से शंकर लाल हॉल और टैगोर हॉल का नवीनीकरण पूर्ण होने के बाद उनका उद्घाटन हो चुका था और आज इस हॉल के उद्घाटन के पश्चात ये सभी सभागार आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न हो चुके हैं। कुलपति ने बताया कि डीयू में जितने भी निर्माण व नवीनीकरण के कार्य चल रहे हैं वह सभी 2027 तक पूर्ण हो जाएंगे। कार्यक्रम के आरंभ में फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के डीन प्रो. इन्द्र नारायण सिंह ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के समापन पर डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित कई डीन, डायरेक्टर, कई कॉलेजों के प्रिंसिपल, शिक्षक, अधिकारी और अनेकों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

**18 अप्रैल से शुरू होगी हज यात्रियों की रवानगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रमजान के नजदीक आते ही हज बैतुल्लाह की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि दिल्ली स्टेट हज कमेटी ने दिल्ली स्टेट से पवित्र फर्ज हज के लिए जाने वाले हज यात्रियों को हज के अरकान, विधियों और संबंधित मसलों की प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से 2 फरवरी से 17 फरवरी तक हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दिल्ली के विभिन्न इलाकों के हज यात्रियों को अलग-अलग दिनों में आमंत्रित कर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस क्रम में दिल्ली स्टेट हज कमेटी के उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली, हज कमेटी के आधिकारिक प्रशिक्षक, प्रसिद्ध फिटनेस ट्रेनर डॉक्टर बदरुल इस्लाह कीरानवी, मुफ्ती शमीम अहमद कासमी, आलिमा सबीहा सालेहाती तथा महिला फिटनेस ट्रेनर कौसर ने विभिन्न सत्रों में हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने का दूसरा चरण रमजान मुबारक के बाद शुरू होगा, जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यकारी अधिकारी अशफाक आरफी ने बताया कि इसी दौरान हज यात्रियों के टीकाकरण और सऊदी अरब सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय तथा हज व उमरा मंत्रालय की हिदायतों के अनुरूप, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में हज यात्रियों की विशेष स्वास्थ्य जांच भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए सभी हज यात्रियों से अपील की गई है कि वे रमजान मुबारक के रोजों की शुरुआत से पहले अपनी स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की प्रक्रिया अवश्य पूरी कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की देरी से होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

हज 2026 के यात्रियों को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार हज की उड़ान स्वयं बुक करने का अधिकार दिया गया है। हज बैतुल्लाह के इतिहास में पहली बार इस सुविधा की उपलब्धता न केवल हज यात्रियों के लिए संतोषजनक होगी, बल्कि सऊदी अरब में हज व्यवस्थाओं में लगे प्रशासन के लिए भी यात्रियों के ठहरने की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस वर्ष हज के दौरान मूल पाँच दिनों (अय्याम-ए-हज) के प्रवास मिना में बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक हाजी को निर्धारित सोफा, बेड और सामान रखने के लिए ऊपर की रैक भी प्रदान की जाएगी। हज 2026 के दौरान अन्य महत्वपूर्ण बदलावों में मक्का में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों में ठहराव, तथा पिछले वर्षों के विपरीत स्वयं भोजन पकाने पर रोक शामिल है। इसके साथ ही राशन, घी-तेल, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री अपने साथ लेकर हज पर जाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

# सीएनजी रोड स्वीपर्स का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कनॉट प्लेस में दो सीएनजी आधारित मैकेनिकल रोड स्वीपर का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि यह पहल सड़कों की आधुनिक सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और राजधानी में बढ़ रहे हवा व धूल प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शुरू की गई है।

चहल ने बताया कि एनडीएमसी प्रमुख सड़कों पर दिन और रात दोनों समय मैकेनिकल रोड स्वीपर के माध्यम से सफाई करा रही है। यह आधुनिक प्रणाली सड़क की धूल कम करने, हवा की गुणवत्ता सुधारने और लोगों के लिए सुरक्षित व साफ सड़कें सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि रोजाना करीब 415 किलोमीटर सड़कों की सफाई के लक्ष्य को पूरा करने और इस वीवीआईपी व अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पाँच नए मैकेनिकल रोड स्वीपर खरीदना जरूरी था।

ये सभी मशीनें सीएनजी पर चलने वाली हैं और दिल्ली में डीजल वाहनों के पंजीकरण पर रोक लगाने वाले एनजीटी के आदेशों के अनुसार हैं। चहल ने यह भी बताया कि एनडीएमसी दिल्ली की पहली संस्था है जिसने सीएनजी चेसिस वाले मैकेनिकल रोड स्वीपर खरीदे हैं।


**नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल कनॉट प्लेस में दो सीएनजी आधारित मैकेनिकल रोड स्वीपरका उद्घाटन करते हुए।**

# कूड़ा डाले जाने के आरोप निराधार: महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी द्वारा किराडी क्षेत्र में कूड़ा डाले जाने को लेकर फैलाए जा रहे झूठे आरोपों का कड़ा खंडन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किराडी क्षेत्र में भलस्वा का कूड़ा नहीं बल्कि प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का उपयोग भूमि समतलीकरण एवं लो-लाइंग एरिया को भरने के लिए किया जा रहा है, जो पूरी तरह वैध एवं अनुमत प्रक्रिया है।



महापौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए जा रहे आरोप जनता को गुमराह करने की साजिश के अलावा कुछ नहीं हैं। उन्होंने बताया कि भलस्वा से निकलने वाली प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का उपयोग पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जाता था और अब डीडीए की अनुमति के पश्चात कंसेशनर द्वारा भूमि समतलीकरण एवं लो-लाइंग क्षेत्रों को भरने के लिए किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में स्थायी समिति अध्यक्ष सुश्री सत्या शर्मा एवं नेता सदन श्री प्रवेश वाही भी उपस्थित थे।महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि किराडी क्षेत्र के आम आदमी पार्टी विधायक ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया है। टूटी सड़कों, गंदगी और बुनियादी सुविधाओं की कमी उनकी विफलता को उजागर करती है। अपनी इन्हीं कमियों को छिपाने के लिए वे अब झूठ और भ्रम फैलाने का सहारा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किराडी के विधायक नहीं चाहते कि क्षेत्र का विकास हो और नागरिकों को गुमराह करने के लिए निराधार बातें फैलाई जा रही हैं, जिसकी हम कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। महापौर ने आम आदमी पार्टी से सवाल किया कि वे बताएं कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने नागरिकों के विकास के लिए क्या कार्य किए। झूठ फैलाने से कुछ हासिल नहीं होगा क्योंकि जनता आम आदमी पार्टी के 10 वर्षों के कुशासन को भली-भांति जानती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं किराडी जाकर आम आदमी पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश करेंगे।

# पार्टी में गए कारोबारी की पीटकर हत्या, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस इलाके में पिछले ही महीने एक कारोबारी की पीट पीटकर हत्या की वारदात में शामिल तीन में से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके साथी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक कारोबारी की पहचानइ 36 साल के शिवम गुप्ता के रूप में हुई थी। पिछले महीने तीन जनवरी की रात करीब डेढ बजे कनॉट प्लेस पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। पानीपत के रहने वाले सलमान ने बताया कि यहां पर कई लोग खड़े हैं,एक व्यक्ति को बता रहे हैं कि हेलमेट मारकर अधमरा कर दिया है। व्यक्ति खून से लथपथ हालत में ई ब्लॉक में घायलावस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची,व्यक्ति को तुरंत नजदीक के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक बताई। पुलिस ने उसके पास से मिले कुछ दस्तावेजों की सहायता से उसके परिवार को वारदात की जानकारी दी। जिन्होंने अस्पताल आकर घायल की पहचान लक्ष्मी नगर में रहने वाले शिवम गुप्ता (38) के रूप में की। फॉरेंसिक और क्राइम टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। वारदात वाली जगह के आने जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मोबाइल फोन के डंप डाटा की जांच की। डॉक्टरों ने सिर में कई गंभीर अंदरूनी चोटें (हेमाटोमा) पाई और शिवम को बयान देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने बेहतर इलाज के लिए शिवम को 4 जनवरी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल शिफ्ट किया। जहां 5 जनवरी को शिवम गुप्ता की सर्जरी हुई। 19 जनवरी को शिवम की मौत हो गई।

पुलिस ने हत्या की कोशिश की धाराओं में हत्या की धाराओं को भी जोड़ दिया। शिवम गुप्ता के पिता अनिल कांत गुप्ता ने बताया कि शिवम इकलौता बेटा था। 2 जनवरी की शाम शिवम एक दोस्त के साथ पार्टी में जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन फिर कभी वापस नहीं लौटा।मैं बार-बार फोन करता रहा, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। थोड़ी देर बाद पुलिस का फोन आया कि मेरा बेटा अस्पताल में भर्ती है। मेरा बेटा ही मेरा सब कुछ था। अब हमारे पास सिर्फ इंसाफ की उम्मीद बची है। दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए, ताकि किसी और का घर यूं न उजड़े। वहीं अस्पताल में डॉक्टरों ने साफ कह दिया था कि चोटें जानलेवा हैं। ऑपरेशन के बाद 36 से 72 घंटे बेहद अहम हैं। कुछ वक्त के लिए उम्मीद जगी थी, वह डॉक्टरों की आवाज पर प्रतिक्रिया भी दे रहा था, लेकिन 19 जनवरी को उसने हमें छोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को उनके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली में विस्तार के साथ उत्तर भारत में मौजूदगी मजबूत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित सॉवरेन एआई क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर भारथक्लाउड ने उत्तर भारत में अपने विस्तार के तहत दिल्ली में अपने ऑफिस के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ, कंपनी ने 2026 में 100 से ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना बनाई है, जिससे देश में एआई-रेडी क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने वर्कफोर्स को मजबूत किया जा सके। भारथक्लाउड के को-फाउंडर राहुल तकल्लापल्ली बताया कि, दिल्ली में विस्तार के साथ, हम भारथक्लाउड को उत्तर भारत में एआई-संचालित कंपनियों और



टेक्नोलॉजी हब के साथ और करीब से जुड़ने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह कदम हमें स्थानीय एआई और क्लाउड टैलेंट को बढ़ावा देने, संगठनों को स्केलेबल एआई/ एमएल वर्कलोड तैनात करने में मदद करने और इंटेलिजेंट, सुरक्षित और डेटा-रेजिलिएंट क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने में तेजी लाने में सक्षम बनाएगा जो सभी सेक्टर में इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा देता है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से डिलीट करने का

# सपाईयों ने लगाया आरोप, धरना प्रदर्शन कर जताया अपना विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनके द्वारा कहा गया कि भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा एक समुदाय विशेष व सपा समर्थित मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए बड़ी संख्या में फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिन्ट करवा कर बीएलओ के पास जमा किये जा रहे है सत्ता पक्ष द्वारा बीएलओ / ईआरओ पर सपा समर्थक वैध मतदाताओं के नाम अवैध ढंग से डिलीट करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों द्वारा समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुनियोजित षड्यंत्र फर्जीवाड़ा करके समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं विशेष रूप से एक समुदाय व सपा समर्थित मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए बड़ी संख्या में फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिंट करवा कर बीएलओ के पास जमा किये जा रहे है, बीएलओ व ईआरओ पर समाजवादी पार्टी समर्थक वैध मतदाताओं के नाम अवैध ढंग से डिलीट करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की आड़ मे बी जे पी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों द्वारा फर्जीवाड़ा करके ड्राफ्ट रोल से फॉर्म 7 के माध्यम से वैध वोटों को काटने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामवासियों की जानकारी के अनुसार, सुबह के समय दो पुरुष और एक महिला गांव में पहुंचकर स्वयं को बीएलओ से जुड़ा बताते हुए ग्रामीणों से फॉर्म संख्या-7 लेकर हस्ताक्षर कराने का प्रयास कर रहे थे।

कुछ बीएलओ ने भ्रमवश हस्ताक्षर भी कर दिए, लेकिन नाहल गांव की बीएलओ सुनीता ने उनकी गतिविधियों पर संदेह जताते हुए उन्हें पहचान लिया और फर्जी होने की आशंका व्यक्त की। मामले की जानकारी मिलते ही गांव के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस को तलाशी के दौरान उनके पास से काफी संख्या में प्रिंटेड भरे हुए फॉर्म -7 बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने खुद को भाजपा पार्टी से मंडल मंत्री बताया, मौके पर पहुँचकर नायब तहसीलदार, लेखपाल और क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन, समा. जवादी पार्टी के प्रतिनिधियों ने मामले का संज्ञान लिया।

बीएलओ और समाजवादी बीएलए की ओर से पूरे प्रकरण को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई। उक्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। बीएलओ व ईआरओ द्वारा यदि ड्राफ्ट मतदाता सूची से मतदाता का नाम डिलीट करने से पहले सम्बन्धित मतदाताओं को नोटिस प्राप्त करवा कर, घर पर चस्पा करवा कर, एक सप्ताह तक प्रतीक्षा नहीं करता व ईआरओ अपने नोटिस बोर्ड पर मतदाता का नाम काटने से पहले एक सप्ताह तक नोटिस प्रदर्शित नहीं करता व नाम काटने की सूची राजनैतिक दलों को देकर एक सप्ताह तक प्रतीक्षा नहीं करता तो ऐसे बीएलओ व ईआरओ के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। जिससे, एस.आई. आर. प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष सम्पन्न हो सके।

---

## पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा किया गया बैठक का आयोजन

### शहर में भारी वाहनों के आवागमन को लेकर की गई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस लाइन परमजीत हॉल में पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा शहर में भारी वाहन के आवागमन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सोदान गुर्जर, इकबाल खघन, राज भदौरिया, नीरज उपाध्य, विक्रम सिंह राजपूत, जावेद खघन, कमल जीत सिंह, आकाश राजपूत, नमन तनेजा, अमरदीप चौधरी, मिहिर झा, प्रदीप शर्मा, मंधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन

## 25 को करेगी शिक्षा सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन

**गाजियाबद।** आगामी 25 फरवरी को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में शिक्षा सम्मेलन एंव सम्मान समारोह का अयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उक्त कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन की ओर से एक प्रेसवार्ता में दी गई। सुभाष गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद गाजियाबाद के 101 प्रधानाचार्य व 151 वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा का स्तर और अच्छा हो इस पर विद्वान शिक्षाविद अपने विचार रखेंगे। पंडित आरडी शर्मा ने बताया संस्था समय-समय पर समाज के लिए अग्रणी भूमिका निभाने वाले भाई बहनों को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करती आई है। इसी क्रम में शिक्षाविदों को सम्मानित करने के लिए शिक्षा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सूचित त्यागी ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहेंगे।

---

## त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ एसवीएस गौर पब्लिक स्कूल, चिपियाना बुजुर्ग, नोयडा गौतम बुद्ध नगर में किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र अध्यक्ष एवं निदेशक अंकित शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात प्रशिक्षण शि. विर के प्रशिक्षक योगी सत्यकाम तिवारी ने संस्थान का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा योग के शारी. रिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसके बाद उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को योगाभ्यास भी कराया। शांतिपाठ एवं प्रसाद का वितरण के साथ योग शिविर सम्पन्न हुआ।

---

## अटल चौक पर हादसे को दावत दे रहा मेनहोल, नगर निगम बेखबर

गाजियाबाद। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर तो सवाल उठते ही रहते हैं, लेकिन इस विभाग की लापरवाही राह चलते लोगों के लिए भी मुसीबत बन सकती है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि जगह-जगह खुले नाले और मेनहोल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। निगम के स्वास्थ्य विभाग को लापरवाही की ऐसे ही एक नजीर वसुंधरा जोन में दिखाई पड़ती है। अटल चौक के पास मेनहोल अनहोनी को दावत दे रहा है। गौरतलब है कि जिस जगह यह मेनहोल बना हुआ है वहां से बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। साथ ही



पैदल लोग भी बड़ी संख्या में यहां से गुजरते हैं। निगम का स्वास्थ्य विभाग बताए कि अगर इसके चलते कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसकी जवाब दे ही किसकी होगी।

---

मुरादनगर गंग नहर पर चलाया गया

## पुनीत सागर अभियान और की घाटों की साफ सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के आदेश अनुसार एवं सूबेदार मेजर परमानंद के निर्देशन में मुरादनगर गंग नहर पर पुनीत सागर अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अंतर्गत मुरादनगर गंग नहर के घाटों की साफ सफाई की गई तथा गंगनहर से लगभग दो कुंतल पॉलिथीन मिट्टी के टूटे बर्तन, कचरा आदि इकट्ठा कर गंग नहर के घाटों को साफ किया गया। पुनीत सागर अभियान में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर, किसान नेशनल इंटर कॉलेज मुरादनगर, केंद्रीय विद्यालय



मुरादनगर के 103 एनसीसी कैडेट ने प्रतिभाग किया।

साथ ही एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,सूबेदार मेजर परमानंद व एन सी सी कैडेट ने गंग नहर पर वृक्षारोपण किया। तथा सभी कैडेट को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में डॉक्टर अमित कुमार ने सभी एनसीसी कैडेट को वृक्षारोपण के लाभ से अवगत कराया तथा बताया कि अगर हम अपने वातावरण को साफ व स्वच्छ देखना चाहते हैं तथा आने वाली पीढ़ी के लिए एक हरा भरा प्रदूषण मुक्त वातावरण देना चाहते हैं तो आज ही हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए जिससे कि आगे हमें कोई समस्या ना हो।

इस अवसर पर श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,लेफ्टिनेंट मुकेश शर्मा, एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता, सूबेदार मेजर परमानंद, हवलदार संजीत कुमार, हवलदार पंकज, हवलदार भूप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

---

## तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू



**गाजियाबाद।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव 13 फरवरी को होना है। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। तहसील में वोटर लिस्ट को चस्पा कर दिया गया है, वहीं चुनाव समिति भी अपना काम पूरा कर चुकी है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लोमेश कुमार भाटी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने की तैयारी में जुट गए हैं। श्री भाटी ने बताया कि बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। गुरुवार दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक नाम वापसी और उसी दिन 5 बजे प्रत्याशियों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। तेरा फरवरी को सुबह 10 से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी जो की शाम 4 बजे तक चलेगी। इसके बाद 5 बजे से चुनाव की गिनती होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

---

## संभव दिवस: कई शिकायतों पर नागरिक ने कराई मौक पर कार्यवाही

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव दिवस के दौरान जनसुनवाई की। संभव में 8 संदर्भ प्राप्त हुए जिन पर नगरायुक्त तत्काल ने अधिकारियों को निर्देश देकर मौके पर टीम भेजी। अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। प्रकाश संबंधित एक संदर्भ, जलकल संपत्ति तथा टैक्स से संबंधित भी एक-एक प्रकरण प्राप्त हुआ जिन पर विभागीय अधिकारियों ने कार्यवाही कराई।

इसके अलावा पार्षदों ने भी नगर आयुक्त से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। नगरायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा जन समस्याओं के समाधान पर




तीव्रता से कार्यवाही कराई जा रही है। नगर आयुक्त द्वारा संभव में प्राप्त समस्याओं को तद दिवस में ही निस्तारित करने के लिए कहा गया।

संभव के दौरान पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद शीतल, पार्षद नितिन, पार्षद सुमन लता द्वारा भी अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों व नगर आयुक्त के समक्ष चर्चा की।

संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे।

---

## डॉ. प्राची अवस्थी सिंघल को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** इंडियन रेडियोलोजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन जो भारतीय रेडियोलॉजिस्ट्स की सर्वोच्च संस्था है उनकी वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन इस वर्ष हाइटेक्स कम्युनिटी सेंटर, हैदराबाद तेलंगाना एफसी में हुआ । यह IRIA की 78वी वार्षिक कांफ्रेंस थी जी कि दिनांक 29 जनवरी से 1 फरवरी 2026 को संपन्न हुई। 4 दिनों तक चली इस कांफ्रेंस को भारत व अन्य देशों से आए 1000 से अधिक रेडियोलोजी विशेषज्ञों ने अटेंड किया। शहर मोदीनगर की रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को इसमें लेक्चर के लिए आमंत्रित किया गया था। उनके लेक्चर्स सराहा गया और उनको स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। IRIA का यह वार्षिक कार्यक्रम एक सम्मानित अवसर है जिसमें डॉ प्राची सिंघल जी को आमंत्रित किया जाना गर्व का विषय है। डॉ प्राची ने बताया कि अपने अनुभव व ज्ञान को साझा करने से उन्हें और पढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती है। डॉ प्राची लगातार रिसर्च एवं नई गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ही कार्य करने का प्रयास करती हैं ।

---

## मोदीनगर के प्रिंस ने जीता पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंडियन पावर लिफटिंग फैडरेशन द्वारा दिनांक 17 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबतरा क्लासिक नैशनल चैम्पियनशिप का आयोजन हरिद्वार उत्तराखण्ड में आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न राज्यो के खिलाडियों द्वारा भिन्न-भिन्न वर्ग की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। इस प्रतियोगिता में 74 किलो वर्ग एक्वाट बैंच और डेड लिफ्ट में मोदीनगर के मौहल्ला सुचेतापुरी निवासी प्रिंस चौधरी द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रिंस चौधरी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए क्षेत्रीय विधायक डा0 मंजू शिवाच व ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, एडवोकेट राज. कुमार गुप्ता, एडवोकेट विवेक चौधरी व यशवीर सिंह फौजी ने प्रिंस चौधरी व उसके पिता उपेन्दर चौधरी सहित परिवार वालो को बधाई देकर समान्नित किया।




---

## विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति समेत तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लिंकरोड पुलिस टीम ने विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति, देवर और सास को गिरफ्तार किया है। वादी ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी पुत्री के ससुराल. जनों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया था। तंग आकर उसकी पुत्री ने आत्महत्या कर ली थी। तहरीर के आधार पर थाना लिकंरोड पर धारा 85/80 बीएनएस व दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए थाना लिंक रोड पुलिस ने पति राकेश कुमार, देवर धर्मवीर सिंह निवास.



ीगण ग्राम झण्डापुर थाना लिंक रोड गाजियाबाद को इन्द्रप्रस्थ कॉलेज कट से गिरफ्तार किया। इसके अलावा सास उर्मिला पत्नी धर्मवीर सिंह निवासी निवासी झण्डापुर को झण्डापुर रोड ग्लास फैक्ट्री के पास गिरफ्तार कर लिया। तीनों के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आए कि राकेश कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह ने अपनी पत्नी से अतिरिक्त दहेज की मांग करता था और दबाव बनाकर प्रताड़ित करता था। इससे तंग आकर फलस्वरूप अभियुक्त उपरोक्त की पत्नी ने आत्महत्या कर ली।

---

## रेल राज्यमंत्री से सांसद ने की रेलवे की समस्याएं दूर करने की मांग

- **सांसद ने मंत्री से कहा कि मेरठ कैंट रेलवे स्टेशन परतापुर पर डीएफसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक हब बनाया जाए, इसके बनने से आसपास जिलों के व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. राजकुमार सां. गवान ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न रेलवे समस्याओं के समाधान हेतु

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री (MoS Railways) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री



रवनीत सिंह बिट्टू से मुलाकात की। सांसद ने इन समस्याओं को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री को एक मांगपत्र सौंपा। रवनीत सिंह बिट्टू ने सांसद को आश्वस्त किया कि जल्द ही इनका समाधान होगा।

सांसद ने मंत्री को बताया कि कोरोना काल में विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज को बंद कर दिया गया था। कोरोना काल खत्म होने के बाद भी इनको अभी तक शुरू नहीं किया गया है, जिसके चलते लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। इन स्टॉपेज को जल्द से जल्द दोबारा शुरू कराया जाए ताकि लोगों को हो रही परेशानी का समाधान हो सके।

सांसद ने कहा कि बागपत के ब्राह्मण पुट्टी में रेलवे स्टेशन पर हाल्ट की सुविधा दी जाए, जिससे यहां के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इसके अलावा सांसद ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कराने की मांग की। राजकुमार सांगवान ने मंत्री को बताया कि यह फुट ब्रिज दोनों ओर से मोदीनगर शहर को जोड़ने का काम करेगा। सांसद ने मंत्री से कहा कि मेरठ कैंट रेलवे स्टेशन परतापुर पर डीएफसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक हब बनाया जाए, इसके बनने से आसपास जिलों के व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने सांसद को सभी मांगो को लेकर सकारात्मक जवाब दिया है।

# राशन कार्ड धारक को दो बार मुफ्त एलपीजी सिलेंडर की मिली सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को महंगाई से राहत देने की दिशा में एक अहम और जनकल्याणकारी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने आज उस योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2026 से दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो एलपीजी सिलेंडर के बराबर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। य

ह सहायता होली और दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर दी जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना दिल्ली सरकार की लक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह कल्याण नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की निर्धारित राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से परिवार के मुखिया के आधार-सीडेड बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। इस योजना से दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवार लाभान्वित होंगे। यह योजना सार्वभौमिक है और एलपीजी अथवा पीएनजी उपयोग करने वाले सभी राशन कार्ड धारकों पर समान रूप से लागू होगी।सहायता दो अवसरोंख्रहोली और दिवालीख्रपर प्रदान की जाएगी, चाहे उस महीने सिलेंडर की रिफिलिंग कराई गई हो या नही। दिल्ली में वर्तमान में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति सिलेंडर है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (च्डन्ल्) के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को केंद्र सरकार की 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी को समायोजित करने के बाद 553 रुपये प्रति सिलेंडर की सहायता दी जाएगी। गैर-उज्ज्वला राशन कार्ड धारक परिवारों को 853 रुपये प्रति सिलेंडर की सहायता प्रदान की जाएगी।इस योजना पर होने वाला अनुमानित वार्षिक व्यय लगभग 242.77 करोड़ रुपये होगा, जो एलपीजी कीमतों, भारत सरकार की सब्सिडी तथा लाभार्थियों की संख्या में परिवर्तन के अनुसार समायोजित किया जाएगा।

दिल्ली सरकार ने इसके लिए स्पष्ट बजटीय प्रतिबद्धता सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि त्योहारों के समय गरिमा और राहत सुनिश्चित करने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से केंद्र सरकार ने देश की करोड़ों महिलाओं को स्वच्छ ईंधन, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन दिया है।

## बदहाल फुटओवर ब्रिज से जनता परेशान लिफ्ट, एस्केलेटर व शेड खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदहाल फुटओवर ब्रिज पर सरकार का ध्यान नहीं है, जबकि इन्हें इलाज की सख्त दरकार है। कई जगह एफओबी बदहाल हो चुके हैं और जनता परेशान हो रही है। जहां पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगे थे वह भी हैं खराब, कई जगह एफओबी के ऊपर बारिश और धूप से बचने के लिए लगाए गए टीन शेड भी टूट चुके हैं है, सीढ़ियों पर भी गड्ढे हो चुके हैं। दिल्ली में बढ़ चुके यातायात जाम को देखते हुए 100 के करीब एफओबी और अंडरपास बने हैं जहां से लोग पैदल आवागमन कर सकते हैं और सड़क के इस ओर से उस पर जा सकते हैं। माना जा रहा है कि इससे सड़क दुर्घटनाएं भी कम हो सकती हैं।

मगर इनकी हालत खराब होने से कई जगह लोग इनका उपयोग भी नहीं करते हैं। अलग अलग समय पर बनाए गए इस एफओबी में से 12 से अधिक में लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए गए हैं, ताकि बुजुर्ग और कमजोर लोग सीढ़ियों की जगह इनका उपयोग कर अब आगमन कर सकें। मगर लगाई गई लिफ्ट अधिकतर और एस्केलेटर खराब हैं। पिछले कुछ सालों से इनकी हालत और बदतर हो गई है। इनके रखरखाव के लिए फंड तक सरकार जारी नहीं कर सकी और ना ही इन पर रखरखाव किया गया। हालांकि घोषणाएं यहां तक होती रहीं कि इनकी निगरानी के लिए सुरक्षा गार्ड लगाए जाएंगे, लेकिन सभी बातें कागजों में ही रह गईं।

# दिल्ली एयरपोर्टः डोमेस्टिक का पियर-सी अब इंटरनेशनल उड़ानों में होगा इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बड़ा बदलाव हुआ है।

टी-3 के डोमेस्टिक पियर-सी को अब इंटरनेशनल ऑपरेशंस के लिए बदला जा रहा। इस बदलाव के बाद टी3 की अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को संभालने की सालाना क्षमता 2 करोड़ से बढ़कर करीब 3 करोड़ हो जाएगी। एयरपोर्ट ऑपरेटर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के अनुसार, पियर-सी को इंटरनेशनल पियर में बदलने का काम तेजी से चल रहा है और मार्च तक इसे पूरा करने की संभावना है। पियर-सी को इंटरनेशनल उपयोग के अनुकूल बनाने के लिए यहां इमिग्रेशन काउंटर्स की संख्या बढ़ाई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को अपग्रेड किया गया है और यात्रियों की आवाजाही को अलग-अलग जोन में बांटा है। इसके अलावा एरोब्रिज को बाइफर्केट कर दिया गया है, जिससे एक ही पियर से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संचालन में स्पष्ट विभाजन संभव हो सके।

एयर इंडिया ने 26 अक्टूबर 2025 से अपनी 60 घरेलू उड़ानों को टी-3 से टी-2 में स्थानांतरित कर दिया है, जबकि 120 उड़ानें फिलहाल टी-3 से ही संचालित होंगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की सभी घरेलू उड़ानें अब टी-1 से उड़ान भर रही हैं। इंडिगो ने भी अपने ऑपरेशंस टी-1, टी-2 और टी-3 में बांट दिए हैं।

गौरतलब है कि टी-2 को अप्रैल 2025 में अपग्रेडेशन के लिए बंद किया गया था। कोरोना के बाद अंत. रराष्ट्रीय यात्राओं में तेजी से इजाफा हुआ है। पर्यटन, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की बढ़ती आवाजाही के चलते टी-3 पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा था। टी-3 में रोजाना अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 67,000 से 68,000 तक पहुंच गई थी, जो इसकी मौजूदा क्षमता से अधिक है। इससे इंटरनेशनल-टू-इंटरनेशनल ट्रांजिट और कनेक्टिंग फ्लाइट्स में दिक्कतें आ रही थीं। पियर-सी के इंटरनेशनल बनने के बाद टी-3 में अब तीन इंटरनेशनल पियर ए, बी और सी होंगे, जबकि पियर-डी घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होगा। इस बदलाव के बाद अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का वेटिंग टाइम कम होगा, क्योंकि विमानों के लिए अधिक गेट उपलब्ध होंगे। साथ ही एयरलाइंस को ज्यादा स्लॉट मिलेंगे, जिससे उड़ानों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# ज्यादा रिटर्न का लालच देकर लगाया लाखों का चूना, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने 5.63 लाख के ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का मामला सुलझाकर दो साइबर धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए चार मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद की है।आरोपी पीड़ितों को इन्वेस्टमेंट पर ज्यादा रिटर्न दिखाने वाली नकली प्रोफाइल दिखाकर लुभाते थे और जीएसटी और दूसरे चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठते थे। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 25. जनवरी को साइबर थाने में एक ई एफआईआर मिली, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे कम समय में ज्यादा रिटर्न का लालच देकर ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के जरिए 5.63 लाख रुपये का चूना लगाया गया है। इसके बाद एसएचओ साइबर उत्तरी पूर्वी राहुल कुमार के नेतृत्व में एसआई नंदन सिंह, हेड कांस्टेबल अमित, रोहन, अमित कुमार और कांस्टेबल दीपक की टीम ने जांच शुरू की।

जाँच के दौरान टीम ने अलग-अलग तरीकों से सबूत इकट्ठा किए और मिले सुरागों के आधार पर राजस्थान के बूंदी इलाके से एक आरा. ेपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान धनपाल मीणा (28),के रूप में की ।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी धनपाल मीणा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।




**करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में यमुना नदी में जान गंवाने वाले स्व. कुलदीप नैनवाल की धर्मपत्नी दीपा नैनवाल को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए साथ में मंत्री कपिल मिश्रा।**

# यमुना हादसे में जान गंवाने वाले की पत्नी को मिली नौकरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में यमुना नदी में हुए दुखद हादसे में जान गंवाने वाले स्वर्गीय कुलदीप नैनवाल की धर्म पत्नी दीपा नैनवाल को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा नौकरी प्रदान की गई। यह नियुक्ति पहले लिए गए निर्णय के अनुरूप आज संपन्न हुई, जिससे पीड़ित परिवार को स्थायी आजीविका और भविष्य का संबल मिल सके। यह कार्य विधि एवं न्याय मंत्री तथा करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार संकट की घड़ी में केवल आश्वासन नहीं देती, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस निर्णय लेकर पीड़ित परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करती है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, "भाजपा के हर कार्यकर्ता के साथ हम मजबूती से खड़े हैं और किसी भी मुसीबत में एक परिवार की तरह साथ देंगे। यह नियुक्ति उसी सोच का परिणाम है, जिसमें संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दोनों शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व दिल्ली सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है तथा बेटी की शिक्षा की जिम्मेदारी लेने की घोषणा भी की गई थी। आज दी गई नौकरी उसी क्रम में उठाया गया एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम है।

## पुलिस ने हीरे व सोने के गहनों से भरा पर्स वापिस लौटाया

**नई दिल्ली।** कनाट प्लेस पुलिस ने एक महिला को उसका हीरे और सोने से भरा पर्स वापिस लौटाया,महिला ने पुलिस का शुक्रियादा किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार को गाजियाबाद की रहने वाली आशा नामक महिला ने कनाट प्लेस के बीट अफसर से संपर्क किया,जिन्होंने बताया कि जनपथ मार्किट में उसका पर्स कहीं पर खो गया है। जिसमें सोने के गहने 1 चेन, 1 ब्रेसलेट, 1 अंगूठी, 1 जोड़ी झुमके, हीरे के गहने 1 ब्रेसलेट, 1 अंगूठी, 2 जोड़ी झुमके और आठ हजार रुपये रखे हुए थे।

हेड कांस्टेबल जतिन और मनजीत ने तुरंत आसपास के दुक. ानदारों से संपर्क किया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मार्किट एसोसिएशन को भी तुरंत सतर्क करके मार्किट में लगे लाउड स्पीकर से मामले की जानक. ारी देकर लोगों से भी सहायता मांगी। काफी छानबीन करने के बाद पर्स एक दुकान के पास जहाँ कचरा समझकर बिना किसी की नजर में आए पड़ा हुआ था। सभी सामान सही-सलामत मिले,जो गलती से शिकायतकर्ता महिला से गिर गया था

## चाय विक्रेता पर चाकू से हमला

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में थाना आदर्श नगर के आजादपुर इलाके में चाय बेचने वाले पर बदमाशों ने चाकू से हमला किया। यह घटना मंगलवार सुबह करीब छह बजे की बताई जा रही है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है। घायल की पहचान कृष्ण सैनी के रूप में हुई है। हमला किसने और क्यों किया, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# एसएसबी ने कश्मीरी युवाओं को कराया अतुल्य दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा आयोजित भारत दर्शन शैक्षणिक भ्रमण

कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के कुल 51 युवाओं ने देश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और तकनीकी प्रगति को करीब से देखा। यह भ्रमण दो अलग-अलग दलों में आयोजित किया गया था, जिसका नेतृत्व एसएसबी की द्वितीय वाहिनी और 14वीं वाहिनी द्वारा किया गया। युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हैदराबाद की तकनीक और राजस्थान की विरासत को देखना उनके लिए एक सपने के सच होने



जैसा था। उन्होंने इस बेहतरीन आयोजन और मार्गदर्शन के लिए एसएसबी का आभार व्यक्त किया। महानिदेशक महोदय संजय सिंघल ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं के साथ संवाद कर कहा कहा कि भारत दर्शन केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि यह विविधता में एकता को जीने का एक अवसर है।

उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इस अनुभव का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें।

## टाटा ऐस गाड़ी ने ई रिक्शा को टक्कर मारी, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में एक सडक हादसे में टाटा ऐस गाड़ी ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवारी की मौत हो गई,जबकि चालक और एक लडकी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बवाना पुलिस को गैस गोदाम पूठखुर्द इलाके में सेक्टर-3डीएसआईआईडीसी बवाना बंगाली चौक पर एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हालत में खड़ा था। चालक और लडकी समेत तीन गंभीर रूप से घायल सडक पर पड़े थे,जिनको तुरंत नजदीक के महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

# पेट पार्क में पालतू कुत्तों की देखभाल सहित कई सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पालतु व आवारा कुत्तों व दूसरे जानवरों की देखभाल के लिए बना विशेष पेट पार्क (जानवरों का पार्क) इस साल शुरू होने की उम्मीद जाग गई है। निगम का उद्यान विभाग अब फिर से इसकी मंजूरी का प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखकर इस दिशा में कदम आगे बढ़ाएगा। निगम का यह पार्क दिसंबर 2023 में बनकर तैयार हो गया था। 1.5 एकड़ में बने इस पार्क का उद्देश्य पालतू और बेसहारा जानवरों में विशेषतौर पर कुत्ता व बिल्ली के उपयोग के लिए बनाया गया था। जिसमें नागरिक शहर से बाहर जाने या किसी आपात स्थिति होने पर अपने पालतू जानवर को यहां रख सकते हैं। इसके एवज में उन्हें प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क चुकाना होगा। जंग. पुरा स्थित जानवरों का पार्क दो साल से बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। विपिन शर्मा

2023 में यह पार्क बन तो गया था लेकिन, उस समय स्थायी समिति का गठन न होने की वजह से इसका रखरखाव और संचालन का कार्य नहीं दिया जा सका। क्योंकि एमसीडी के नियमों के अनुसार यह कार्य देने का अधिकार निगम की स्थायी समिति का ही है। 2025 में स्थायी समिति का गठन भी हो गया लेकिन, यह मामला निगम ने हाईपावर कमेटी को दे दिया। अब चूंकि इस पार्क के निर्माण हुए काफी समय हो गया है और लगाए गए उपकरणों के खराब होने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए निगम इस प्रस्ताव को फिर सक्षम प्राधिकारी के पास फिर रखने जा रहा है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद फिर यह प्रस्ताव स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा। ऐसे में साल के मध्य में इस पार्क के शुरू होने की उम्मीद है।

निगम ने जो पार्क बनाया है, उसमें पालतू कुत्तों व बिल्लियों के लिए अलग-अलग स्थान बनाए गए हैं। साथ ही अन्य सुविधाएं भी प्रदान करने की योजना है। इसमें कुत्तों व बिल्लियों के इलाज और एंटी रेबीज टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही इसमें पेट पार्टी एरिया, पेट कैफे, और पेट के खाने की वस्तुओं की दुकान भी होगी।

## बेसिक टैक्स असाइनमेंट की अंतिम किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्थानीय निकायों को बेसिक टैक्स असाइनमेंट (बीटीए) की तीसरी एवं अंतिम किस्त के रूप में कुल 68,722.47 लाख रुपये की राशि जारी करने को स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृत राशि में से 67,312.72 लाख रुपये नगर निगम दिल्ली को, 573.39 लाख रुपये दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड (डीसीबी) को तथा 836.36 लाख रुपये नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को आवंटित किए गए हैं।शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जारी की गई यह राशि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप, केवल जनहित, आवश्यक नागरिक सेवाओं एवं विकासात्मक कार्यों पर ही व्यय की जाएगी।

# पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी पुरानी दिल्लीः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शाहज. हानाबाद रीडेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एसआरडीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में लोक. निवास से आदेश जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पुरानी दिल्ली के समग्र पुनर्विकास और विरासत संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। एसआर डीसी के माध्यम से पुरानी दिल्ली को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। अध्यक्ष पद संभालने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि पुरानी दिल्ली यानी 'वॉल्ड सिटी' का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव पुनर्जीवित करना उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है। शाहजहानाबाद केवल इलाका नहीं, बल्कि दिल्ली की समृद्ध विरासत और इतिहास की पहचान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुरानी दिल्ली की संकरी गलियों में फैले बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी और क्षेत्र की सुंदरता में भी सुधार होगा।



साथ ही, बाजारों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए व्यापक 'ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान' तैयार किया जाएगा और मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाओं पर भी काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी दिल्ली ऐतिहासिक रिहायशी क्षेत्र है, जहां हर गली में इतिहास और विरासत की झलक मिलती है। सरकार का उद्देश्य इस विरासत को सहेजते हुए क्षेत्र का संतुलित विकास करना है। हवेलियों के संरक्षण के साथ-साथ कटरों और कूंचों को भी बेहतर बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एसआरडीसी ने पूर्व में भी पुरानी दिल्ली के विकास के लिए कई योजनाएं तैयार की थीं। इनमें चांदनी चौक का पुनर्विकास, जामा मस्जिद क्षेत्र, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग और दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट तक की सड़क का सौंदर्यीकरण शामिल है। इन सभी योजनाओं की दोबारा समीक्षा की जाएगी ताकि पुरानी दिल्ली को बड़े पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में पुरानी दिल्ली अपेक्षित विकास और बुनियादी सुविधाओं से वंचित रही। अब सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सड़कों का निर्माण बिना किसी बाधा के हो, गलियों को दुरुस्त किया जाए,जर्जर सीवर व्यवस्था को सुधारा जाए और पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्पष्ट ब्लू प्रिंट तैयार किया जाए। गौरतलब है किशाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एसआर डीसी) का गठन 1 मई 2008 को दिल्ली सरकार द्वारा एक विशेष प्रयोजन संस्था के रूप में किया गया था।

इसका उद्देश्य दिल्ली नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, पर्यटन विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देना है। यह संस्था ऐतिहा. सिक इमारतों, गलियों और विरासत के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती है। एसआरडीसी का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से पुरानी दिल्ली की चारदीवारी के भीतर का इलाका है।

# दिल्ली सरकार बना रही यमुना नदी पर नए पुल निर्माण की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी हिस्सों के संपर्क में सुधार करने और यातायात जाम की समस्या को कम करने के मकसद से सिग्नेचर ब्रिज के पास यमुना नदी पर एक नए पुल के निर्माण या पुराने लोहे के पुल को बदलने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि यह प्रस्ताव ट्रांस-यमुना बोर्ड द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान रखा गया था और योजना अभी प्रारंभिक चरण में है, जिसपर पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा, ''सरकार ट्रांस-यमुना क्षेत्र में संपर्क में सुधार लाने और उत्तर-पूर्वी, उत्तरी तथा मध्य दिल्ली के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए इस पर विचार कर रही है।'' अधिकारियों के अनुसार, 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) स्टेशन और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के तैयार होने के साथ रिंग रोड पर खास कर सराय काले खां के पास जाम बढ़ने की आशंका है।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे फिलहाल रिंग रोड पर सराय काले खां के पास समाप्त होते हैं। जल्द ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का डीएनडी-सोहना (जेवार) लिंक भी शुरू होने वाला है। यहां एक अधिकारी ने कहा, ''इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार एक नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव देने की योजना बना रही है। स्थान अभी तय नहीं हुआ है और इसपर विचार किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी पुराने वजी. राबाद से कालिंदी कुंज तक के क्षेत्र का अध्ययन करके व्यवहार्यता का पता लगाएगी। लोहा पुल (लोहे का पुराना पुल) के निचले भाग में वाहनों और ऊपरी हिस्से पर ट्रेन की आवा. जाही होती है। वर्तमान में यमुना नदी पर सड़क मार्ग और रेल मार्ग के लिए लगभग 25 पुल हैं।

# मेट्रो केबल चोरी मामले में गिग वर्कर को नहीं मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मेट्रो लाइन से 32 मीटर कॉपर केबल चोरी करने के आरोपी एक गिग वर्कर को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी ने जनता की जान के साथ खिलवाड़ किया और सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया।

न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने कहा कि आरोपी ने केवल कोई लापरवाह हरकत नहीं की, बल्कि उसके कृत्य से आम जनता के जीवन और अंगों को गंभीर खतरे में डाला गया। जमानत याचिका खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि आरोपी आदतन अपराधी है। अदालत ने 31 जनवरी को पारित आदेश में कहा, जमानत देते समय इस अदालत को सार्वजनिक हित और निजी हित के बीच संतुलन पर विचार करना होता है। इस मामले में आवेदक आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ करने का दोषी है।

अदालत ने कहा कि आरोपी द्वारा किया गया अपराध समाज पर व्यापक प्रभाव डालता है, खासकर इसलिए क्योंकि उसने लोगों को गंभीर खतरे में डाला है।

अदालत ने कहा कि आवेदक ने कोई साधारण या लापरवाह हरकत नहीं की है, बल्कि उसने सार्वजनिक खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया है। इन सभी तथ्यों और कानूनी पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और ये सभी कारण जमानत देने से इनकार करने के लिए पर्याप्त हैं।

## इंसानियत हुई शर्मसार

# सड़क पर शख्स के निकले प्राण, युवक मोबाइल लेकर भागा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्या ऐसे भी लोग होते हैं,जो मरे हुए युवक को देखने के बजाय उसकी जेब से उसका फोन लेकर फरार हो जाएं। रनहौला इलाके से एक ऐसा ही सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसको देखने के बाद लोगों ने जहां अपनी मृतक को लेकर अपनी सत्भावना प्रकट की तो फोन ले जाने वालों के प्रति गुस्सा जाहिर किया। बाहरी पुलिस उपायुक्त ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है,शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है तो उसके पास से जो चीज लेकर स्कूटी सवार अपने साथी के साथ फरार हुआ है। उनकी भी पहचान और पकडने के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

शुरूआती जांच में युवक की मौत नैचुरल डेथ लग रही है,बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक पूरी फुटेज पांच मिनट 22 सैकेंड की है। सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार शाम चार बजकर 55 मिनट छह सैकेंड पर युवक लडखड़ाती हालत में दिखाई दे रहा है, वह पास की दुकान के शटर से टकराकर गिर जाता है और तड़पता रहता है।

पांच बजकर पांच मिनट 40 सैकेंड पर स्कूटी पर दो युवक आते हैं और युवक को देखते है,उसी वक्त स्कूटी सवार युवक स्कूटी से उतरता है और युवक की मदद करने के बजाय उसके पास पड़ा फोन उठाता है और अपने साथी के साथ आसपास देखकर स्कूटी से जाने लगता है,तभी स्कूटी पर रखा उसका सामान गली में गिर जाता है। जिसको उठाकर वह साथी के साथ फरार हो जाता है। फोन उठाने वाले लडके का चेहरा फुटेज में साफतौर पर दिखाई दे रहा है। लडका दोबारा से कुछ सैकेंड बाद युवक के पास आता है और उसकी पेंट की जेब को टटोलता है और फिर चला जाता है। उस वक्त भी अधमरी हालत में पड़े युवक के पैर हिलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस शर्मनाक हरकत के बाद हैरान करने वाली बात यह दिखाई दी कि जब युवक की मौत हो गई,उसके आसपास कुत्ते मंडराने लगे थे,कई लोग आते जाते हुए भी दिखाई दिये,मगर किसी ने भी युवक को देखना गंवारा नहीं समझा, करीब आठ पौने आठ बजे स्थानीय लोगों की भीड़ देखी गई। जिन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी दी।

आठ बजकर बीस मिनट पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव की पहचान के लिये आसपास के लोगों और थानों से संपर्क किया जा रहा है।

# वर्क-फ्रॉम-होम का झांसा देकर धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने पेड टास्क के साथ वर्क-फ्रॉम-होम का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया मोबाइल बरामद किया है। आरोपी ने शिकायतकर्ता से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 17,16,777/- रुपये की धोखाधड़ी की थी।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि जिले के साइबर थाने में एक शिकायतकर्ता से साइबर धोखाधड़ी की एक ऑनलाइन शिकायत मिली। उसने बताया कि साइबर अपराधियों ने उसे वर्क फ्रॉम होम के मौकों और पेड टास्क का लालच देकर 17,16,777/- रुपये की धोखाधड़ी की है। इसके बाद साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी साइबर राजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ साइबर दिनेश दहिया के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जाँच के दौरान टीम को मनी ट्रेल के डिटेल एनालिसिस से पता चला कि आरोपी ने ठगी के पैसे लेने के लिए एक बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया था, जिसे बाद में सेल्फ चेक के जरिए निकाला गया। इसके बाद टीम ने मैनुअल और टेक्निकल इनपुट की मदद से, आरोपी पठान उजेफ खलील खान (35) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में, आरोपी ने बताया कि उसे पैसों की जरूरत थी। इसे हासिल करने के लिए, वह साइबर अपराधियों से जुड़ गया और अपराध से मिले पैसों को कैश में बदलने में उनकी मदद करने लगा। उसके साथियों ने पीड़ितों को बहकाया और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर म्यूल अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवाए।

# बिजली तार चोरी की सनसनीखेज वारदात, 13 खंभों से तार गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भभीसा. कनियान मार्ग पर बिजली के तार चोरी होने की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से सड़क किनारे लगे लगभग 13 बिजली खंभों से तार चोरी कर लिए, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छा गया और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद देखी तो मामले की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर तार पूरी तरह गायब मिले, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव ने इस घटना के संबंध में थाने



में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि भभीसा. कनियान मार्ग पर 13 बिजली खंभों से तार चोरी हुए हैं। विभाग द्वारा चोरी गए तारों की लंबाई और कीमत का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार विभाग को हजारों रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।इधर, बिजली के तार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में

**भभीसा-कनियान मार्ग पर अंधेरा, विद्युत आपूर्ति ठपय विभाग को भारी नुकसान, ग्रामीणों में आक्रोश, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग, पुलिस जांच में जुटी**

लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन रात्रि गश्त प्रभावी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए और चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों के कार्य और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।



# नालों की सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा मलबा बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर पालिका द्वारा कराई गई नालों की सफाई अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आरोप है कि सफाई कर्मचारियों ने नालों से निकाले गए मलबे को सड़क पर ही डाल दिया, जिसे अब तक हटाया नहीं गया है। सड़क पर फैला यह मलबा दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर पड़े मलबे के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद मलबा नहीं उठाया गया।प्रशासन की अनदेखी से नाराज दुकानदारों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया तथा जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने कहा कि यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया तो उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हालात ऐसे हैं कि दुकानों के सामने गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर पीड़ित दुकानदारों ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत पत्र भेजकर हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। दुकानदारों ने मांग की है कि सड़क से तत्काल मलबा हटवाया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।इस दौरान शाहिद, मतलूब, आशु, अनीस, इसरार, अफसर, हसीन, खुर्शीद, एहसान व कैफ सहित आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जाएगा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थाना भवन।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भवन पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर की गई। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गश्त के दौरान कृष्णा नदी पुल के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम कफील पुत्र खुर्शीद निवासी गांव हसनपुर लुहारी, थाना भवन बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा, 45 पव्वे अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थानाभवन पुलिस टीम ने ग्राम हसनपुर लुहारी क्षेत्र से आबाद पुत्र फतेहदीन और तस्लीम पुत्र इरफान को धर दबोचा। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीपचंद, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, यशपाल और अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### नवनियुक्त चिकित्सक का लोगों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शामली सीएचसी में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार का समाजसेवी लोगों ने स्वागत किया। शामली सीएचसी में हाल ही में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा। विजेंद्र कुमार की तैनाती हुई है, जिसके बाद सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाऐं मिल सकी। मंगलवार को समाजसेवी पप्पन देसाई केडी व राष्ट्रीय महिला एकता संगठन शामली की जिला अध्यक्ष सोनम, पूर्वप्रधान रामनिवास ने डा। बिजेन्द्र का बुके भेट कर स्वागत किया। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले डिस्टिक अस्पताल या मुजफ्फरनगर जाना पडता था, लेकिन अब शामली सीएचसी में ही उपचार मिल पा रहा है।

# रंजिशन की गई थी दोस्त की हत्या, हत्यारे गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम ईस्सोपुर टील में हुई छात्र की हत्या की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू तथा बाइक भी बरामद की है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे अरशद उर्फ असद पुत्र सलीम निवासी ग्राम ईस्सोपुर टील अपने गांव के विराट पुत्र नीटू के साथ बाइक से गांव के बाहर स्थित दुकान पर पहुंचा था।

वहां पहले से मौजूद कार्तिक पुत्र राजू एवं हिमांशु पुत्र संजय निवासीगण ग्राम ईस्सोपुर टील ने अरशद पर चाकू से हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अरशद को सीएचसी कांधला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारियों, स्थानीय पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मौके से एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था।

मृतक के पिता सलीम की तहरीर पर थाना कांधला में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मंगलवार को घटना में लिप्त अभियुक्त हिमांशु एवं कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे और मृतक अरशद एक ही इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र थे। करीब चार-पांच माह पूर्व डीजे पर नृत्य को लेकर उनका विवाद हुआ था। इसके बाद 1 जनवरी को भी आपसी मारपीट की घटना हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने अरशद पर हमला किया। घटना के दौरान एक तमंचा मौके पर गिर गया था।

# रेल मंत्री से मिले शामली के जनप्रतिनिधि, जलालाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** बिजनौर सांसद चन्दन सिंह चौहान के नेतृत्व में जनपद शामली के एक उच्चस्तरीय जनप्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को दिल्ली स्थित केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय में उनसे भेंट कर जनपद शामली से जुड़ी महत्वपूर्ण रेलवे संबंधी जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस प्रतिनिधिमंडल में थानाभवन विधायक अशरफ अली खान एवं शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी शामिल रहे। यह मुलाकात केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर संपन्न हुई।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली.सहारनपुर रेलवे लाइन पर जलालाबाद क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक की समस्या से रेल मंत्री को अवगत कराया। विशेष रूप से रेलवे गेट संख्या-109 (गंगोह मार्ग, कस्बा जलालाबाद) एवं एलम-भनेड़ा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण को लेकर उत्पन्न होने वाली गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अत्यंत संवेदनशील है तथा जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बरसात के मौसम में भारी जलभराव के कारण अंडरपास बनने की स्थिति में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होगी, बल्कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में निर्मित अंडरपासों का अनुभव संतोषजनक नहीं रहा है, क्योंकि



बरसात के दिनों में उनमें लगातार पानी भरने की समस्या बनी रहती है, जिससे यातायात बाधित होता है। जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर दर्जन से अधिक गांव और कस्बे जुड़े हुए हैं, जिनमें खानपुर, अहमदपुर, सरोजिनी उमरपुर, जानीपुर, औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा सहित बड़ी आबादी निवास करती है। अंडरपास बनने की स्थिति में इन गांवों के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, पशुपालकों एवं आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने अंडरपास निर्माण को निरस्त कर उसके स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण की मांग मजबूती से रखी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश संबंधित अधिक. ारियों को दिए। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने सहारनपुर.दिल्ली वाया शामली जनता एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14545/14546 का थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को दिल्ली और सहारनपुर के लिए सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित रेलवे अधिकारियों को तथ्यों की जांच कर जनहित में आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे जनपद शामली की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** सहारनपुर-दिल्ली वाया शामली चलने वाली जनता एक्सप्रेस (14545/14546) को थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग तेज हो गई है। थानाभवन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशरफ अली खान ने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर स्थानीय जनता को राहत देने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में बताया गया कि यह ट्रेन प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों को सहारनपुर से दिल्ली तक आवागमन की सुविधा प्रदान करती है, लेकिन थानाभवन जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक और व्यापारिक नगर में इसका ठहराव नहीं है। इससे स्थानीय लोगों को अन्य स्टेशनों तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। विधायक ने कहा कि थानाभवन क्षेत्र से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी और किसान प्रतिदिन यात्रा करते हैं। यदि जनता एक्सप्रेस का ठहराव यहां दिया जाता है तो न केवल आम जनता को सीधी सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र के शिक्षा, व्यापार और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रेलवे को यात्रियों की संख्या बढ़ने से लाभ होगा। स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए इसे जनहित से जुड़ा कदम बताया है। अब सभी की निगाहें रेल मंत्रालय के निर्णय पर टिकी हैं कि कब थानाभवन टाउन को यह महत्वपूर्ण रेल सुविधा मिलती है।

# बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सिंभालका में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एक फरवरी से 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, वार्डों एवं समुदाय स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने की, जिन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ समाज में विधिक जागरूकता एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना है। पारूल चौधरी ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा इसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रूपए तक




का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में शामिल बराती, मौलवीध्पंडित, फोटोग्राफर, टेंट, कैटरिंग एवं बैंड संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूसी से कुलदीप शर्मा, सचिन कुमार, रीतू रानी, अंशिका आदि मौजूद रहे।

# कोहरे में हुई सड़क दुर्घटना, चालक घायल

**झिंझाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के गांव जोला निवासी तस्लीम राणा पुत्र अब्दुल सत्तार अपनी स्विफ्ट कार से शामली से करनाल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित टपराना के गोल चक्कर के पास पहुंचे, झिंझाना की ओर से आ रही एक ग्रैंड विटारा कार से उनकी कार की भीषण टक्कर हो गई। बताया जाता है कि उस समय हाईवे पर सघन कोहरा छाया हुआ था, जिससे .श्यता बहुत कम थी। टक्कर के बाद स्विफ्ट कार हाईवे के डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में स्विफ्ट कार के चालक तस्लीम राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ग्रैंड विटारा कार में सवार जुबेर पुत्र खुरशीद, निवासी बलवा सकुशल रहे और उन्हें कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल तस्लीम राणा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में, सूचना पाकर पहुंचे उनके परिजनों ने उन्हें विस्तृत इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए।

हल्का प्रभारी एसआई अंकुर कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# थानाभवन क्षेत्र की बेटियों ने रचा इतिहास

## पायल कश्यप बनीं राष्ट्रीय पैरा डाटर्स चैंपियन, मलेशिया के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है, जब गांव लतीफगढ़ की होनहार खिलाड़ी पायल कश्यप ने देशभर के प्रतिभाशाली दिव्यांग खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता कानपुर में दो दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतिष्ठित प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में पायल कश्यप ने महिला वर्ग द्धविंग स्टैंडिंग श्रेणीऋ में बेहतरीन सटीकता और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला जीतते हुए पहला स्थान हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल जनपद शामली बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पायल कश्यप का चयन आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय पैरा डार्ट्स चौंपियनशिप के लिए हो गया है। यह चयन उनके कठिन परिश्रम, लगन और खेल के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अब पायल विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि लाने की तैयारी में जुट गई हैं।

## भावना ने भी बढ़ाया क्षेत्र का मान

इसी प्रतियोगिता में थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर की भावना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। भावना की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र की बेटियां किसी भी मंच पर अपनी प्रतिभा से पहचान बना सकती हैं। स्वर्ण पदक जीतकर जब पायल कश्यप अपने गांव लतीफगढ़ पहुंचीं तो पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बे के सम्मानित नागरिकों, युवाओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया और पायल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं पायल और भावना

पायल कश्यप और भावना की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे शामली जनपद के लिए गर्व की बात है। इन दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद यदि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। इनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा बनेगी कि मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।थाना भवन क्षेत्र की बेटियों ने आज यह दिखा दिया है कि खेल का मैदान किसी भी कमजोरी को ताकत में बदल सकता है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें मलेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां पायल कश्यप एक बार फिर भारत का परचम लहराने के लिए उतरेंगी।

# मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर नगर पालि. का द्वारा मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू कर दिया है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने मंगलवार को ट्रेक के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश दिए। नगर पालिका क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक के लिए कोई बेहतर स्थान न होने पर नगर पालिका ने शामली के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर ट्रेक का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। इससे सवेरे मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मौके पर पहुंचकर कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि यह ट्रेक 15 फुट चौडा और करीब एक किलोमीटर दोनो ओर से लंबा होगा। ट्रेक पर घूमने वालों के लिए बैठने की बेहतर सुविधा होगा। पौधे लगाए जाएगी और रात्रि के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाईटे लगाई जाएगी। बताया कि शामली के लोगों के लिए यह टहलने के लिए बेहतर स्थान साबित होगा, जिससे सभी को सुविधाऐं मिल सकेगी और इससे यातायात पर भी कोई प्रभाव नही पडेगा।



# डीएम ने एचवीपी वैक्सीनेशन को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में विद्यार्थियों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर तथा बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने छात्रों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को आच्छादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, ताकि बच्चों में समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान हो सके। इसके साथ ही बालिकाओं के सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान को गति देने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण से




आच्छादित किया जाए। इसके लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्लफ्रेंड ने किया सुसाइड

**नोएडा।** नोएडा में एक लड़की ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके बॉयफ्रेंड ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने लड़की के शव को कब्जे में लिया। परिजनों को जानकारी दी। बॉयफ्रेंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक और युवती दोनों नोएडा के सेक्टर-19 स्थित एक होटल में रुके थे।

पुलिस ने बताया कि सुमित गौतम और कोमल दोनों एक दूसरे के परिचित थे। दोनों दिसंबर 2024 से रिलेशन में थे। सोमवार रात को सुमित कोमल के साथ सेक्टर-19 स्थित एक होटल में जाकर रुका। रात में किसी समय कोमल ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सुमित ने खुद इसकी जानकारी डायल-112 पर दी। सुमित गौतम नार्थ दिल्ली का रहने वाला है। वहीं, कोमल फरीदाबाद की रहने वाली थी। सुमित गौतम शादी शुदा है। उसकी आठ साल की एक बेटी है। कोमल का मोबाइल फोन की जांच हो रही है। होटल के जिस कमरे में सुसाइड किया उसे सीज किया गया है।

# नोएडा ट्विन टावर मामले में विजिलेंस टीम की जांच जारी

■ **नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे अधिकारी, मांगे दस्तावेज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-93ए में बनाए गए सुपरटेक ट्विन टावर को गिरे हुए चार साल से ज्यादा हो गए। इस मामले में गठित लखनऊ विजिलेंस की जांच अब अपने फाइनल पड़ाव पर है।

मंगलवार को विजिलेंस की टीम प्राधिकरण कार्यलय पहुंची। टीम ने ट्विन टावर से जुड़े कंपलीशन सर्टिफिकेट, कमेटी की रिपोर्ट, डेमोलिशन रिपोर्ट और इससे जुड़े दस्तावेज लिए। टीम करीब दो से ढाई घंटे तक प्राधिकरण में रही। बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों की सांठगांठ से सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी परिसर में ट्विन टावर खड़े हुए थे।

एओए की तरफ से साल 2012 में हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। 2014 के मार्च में हाइकोर्ट ने इनको ध्वस्त करने का आदेश दिया। इसके खिलाफ बिल्डर सुप्रीम कोर्ट गया। 31 अगस्त 2021 को इनको ध्वस्त करने के आदेश दिया। इसके बाद 28 अगस्त 2022 को ट्विन टावर ध्वस्त कर दिए गए।

**एसआईटी की रिपोर्ट के बाद दर्ज हुई थी एफआईआर:** एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक वैभव गुप्ता की तरफ से अक्टूबर 2021 को लखनऊ विजिलेंस में तत्कालीन सीईओ, एसीईओ सहित 24 अधिकारी, सुपरटेक के चार निद. ेशक और दो आर्किटेक्ट कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज हुए करीब चार साल से ज्यादा समय हो गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही एक्शन हो सकता है।

**निचले पायदान पर हो चुका एक्शन:** इस मामले में प्राधिकरण के नियोजन विभाग में कार्यरत रहे सहयुक्त नगर नियोजक ऋतुराज व्यास, नियोजन सहायक मुकेश गोयल, सहायक प्रबंधक नियोजक अनीता और सहयुक्त नगर नियोजक विमला सिंह को निलंबित कर दिया गया था लेकिन एसीईओ-सीईओ स्तर के एक भी बड़े अफसर पर शासन स्तर से कार्रवाई नहीं हुई है। इनमें से प्राधिकरण की सेवा में कार्यरत रहे 11 अधिकारियों की जांच ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने की।

## गाली-गलौच के विरोध पर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के फलैदा गांव में गाली गलौच का विरोध करने पर कुछ आरोपियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फलैदा गांव निवासी मुकेश ने शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, सोमवार रात उनके भाई की पत्नी शिवाका अपने परिवार के दुष्यंत और दक्ष के साथ भैंस लेकर जा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में गांव के ही राजू, लखन, सुभाष और एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें बेवजह गाली देना शुरू कर दिया। गाली गलौच का विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

# प्राधिकरण की लापरवाही से 'ग्रीन बेल्ट' बनी जानलेवा दलदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एक ओर नोएडा प्राधिकरण शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बताने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर सेक्टर-151 की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सेक्टर-151 स्थित कोंडली वर्क सर्किल-10 में इस्कान मंदिर के सामने बनी ग्रीन बेल्ट की रोड गंभीर जलभराव के कारण दलदल में तब्दील हो चुका है। हालात इतने बदतर हैं कि आम नागरिकों का पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है।

सेक्टर-151 में ग्रीन बेल्ट के पास चार लेन की मुख्य सड़क है, लेकिन जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से आसपास के नालों और सीवर लाइन का गंदा पानी लगातार यहां जमा हो रहा है। पानी निकासी के रास्ते बंद हैं,



नालियां ओवरफ्लो हैं और वर्षों से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। नतीजा यह है कि मिट्टी धंस चुकी है और पूरी ग्रीन बेल्ट दलदल बन गई है।

थोड़ी सी चूक किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा सर्वे किए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां भी सीवर और नालों का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, क्योंकि जलनिकासी की योजना सिर्फ काग. जों तक सीमित है।

**न रेलिंग न संकेत, ये हैं हालात, रात में अधिक खतरनाक:** ग्रीन बेल्ट के समीप चार लेन की मुख्य सड़क होने के बावजूद सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। सड़क किनारे न तो रेलिंग लगी है और न ही चेतावनी संकेत, जिससे तेज रफ्तार वाहनों और राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है।

वहीं, रात के समय अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब रहने से अंधेरा छाया रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। वहीं क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभागों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## एक नजर

### रेलिंग तोड़कर गोलचक्कर के अंदर घुसा बालू से लदा अनियंत्रित ट्रक

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 गोलचक्कर के पास एक कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते एक ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक गोलचक्कर की रेलिंग तोड़ते हुए अंदर घुस गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि या चोट की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात को इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था। सड़कों पर दृश्यता बेहद कम थी। ट्रक तेज गति में होने के कारण समय रहते ब्रेक नहीं लग पाया और वह सीधे डेल्टाख्1 गोलचक्कर से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बालू से लदे दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हाइड्रा की मदद से सड़क से हटवाया गया। जिससे मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया जा सका। हादसे के दौरान किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई है।

### स्वयंसेवकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से गिझौड़ गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर चलाया जा रहा है। इसके छठे दिन मंगलवार को यातायात व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। रोड सेफ्टी सेल इंचार्ज कपिल कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से यह शपथ भी ली कि यह नियम अपने घर परिवार और पड़ोसियों को भी जाकर बताएंगे। उसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर ग्राम वासियों को भी सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहित वशिष्ठ के मार्गदर्शन में हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिखा दीक्षित ने किया।

### ग्रेनो में एनडीआरएफ के लिए केंद्र खुलेगा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट रेजिडेंशियल वेलफेयर फेडरेशन (डीडीआरडब्ल्यूए) का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सौम्या श्रीवास्तव और श्रीलक्ष्मी से मिला। उन्होंने नोएडा-ग्रेनो की मूलभूत समस्याओं सहित सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत में रही अनियमितताओं को उठाया। उन्होंने इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए एक (क्विक रिस्पांस टीम) क्यूआरटी का गठन करने की मांग की। एसीईओ सौम्या श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि ग्रेटर नोएडा में जल्द राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के लिए केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए इसी माह जमीन उपलब्ध करा दी जाएगी। टीम में 30 अधिकारी और कर्मचारी होंगे। उन्हें सभी संसाधन उपलब्ध होंगे।

### चोरों ने लाखों रुपये की अर्थिंग स्ट्रिप चुराई, पुलिस ने दर्ज किया केस

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडो) के सेक्टर-29 क्षेत्र से इलेक्ट्रिकल नेटवर्क की लाखों रुपये की अर्थिंग स्ट्रिप चोरी हो गई है। प्राधिकरण की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यमुना प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक बलराज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार देर रात सेक्टर-29 में स्थापित इलेक्ट्रिकल नेटवर्क से महत्वपूर्ण अर्थिंग स्ट्रिप चुरा ली गई। चोरी की इस घटना से विद्युत नेटवर्क को नुकसान पहुंचा है। मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान चोरी का पता चला, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

# थार ड्राइवर ने फुटपाथ पर खड़ी कार-बाइक को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शीशे पर काली फिल्म चढ़ाए नशे में थार के चालक ने सड़क किनारे फुटपाथ पर कार और उसके पीछे खड़ी बाइक में टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही की कार और बाइक पर कोई सवार नहीं था, इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन कब्जे में लेकर सीज की है। घटना बीटा दो कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर अल्फा वन की है। ई-238 निवासी शिवम मिश्र के मकान के सामने रोड की दूसरी तरफ फुटपाथ है। फुटपाथ पर उन्होंने अपनी कार और उसके पीछे बाइक खड़ी की थी। सोमवार दोपहर करीब 1.40 बजे तेज रफ्तार कार चालक ने कार में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से कार पीछे खड़ी बाइक से टकरा गई। इससे उनके दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आरोपी थार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। शिवम ने बताया कि कुछ देर पहले ही वह गाड़ी से निकल कर घर पहुंचे थे। यदि गाड़ी में होते तो हादसे का शिकार होने की आशंका थी। बताया कि चालक नशे में था। उसने कार के शीशे पर प्रतिबंधित काली फिल्म चढ़ा रखी थी। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया घटना स्थल की जांच कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले थे। आरोपी की पहचान युवराज निवासी ग्राम सपनावत, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर थार वाहन भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पार्क में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चिपियाना गांव में रहने वाले एक युवक ने रविवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक की पहचान गांव झबरी थाना हरगांव जिला सीतापुर निवासी रुचित कुमार (24) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि सोमवार सुबह करीब छह बजे डायल-112 पर सूचना मिली थी कि एक युवक ने रुद्रा निर्माणाधीन बिल्डिंग के सामने पार्क में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पेड़ के फंदे से उतर कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था। युवक वर्तमान में अपने पिता और परिजन के साथ किराये के मकान में गांव चिपियाना में रहता था। युवक दिहाड़ी कामगार था। उसके पिता भी दिहाड़ी कामगार हैं।

# आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण की खास पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आईटी निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने एक खास पहल की है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम आवंटियों और निवेशकों से मिलकर आईटी सेक्टर की अड़चनों और उनको हल करने के सुझाव प्राप्त कर रही है। प्राधिकरण के वरिष्ठ अफसर भी इस काम में जुट गए हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में आईटी सेक्टर के लिए अपार संभावनाएं हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के नजरिए से भी ग्रेटर नोएडा एनसीआर के अन्य शहरों से आगे है। नोएडा एयरपोर्ट भी जल्द शुरू होने जा रहा है। यहां आईटी के लिए भूखंडों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्राधिकरण जल्द ही स्कीम लाना चाह रहा है, लेकिन प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि मौजूदा आवंटियों और इच्छुक निवेशकों से मिलकर आईटी कंपनियों से जुड़ी समस्याओं और उनको हल करने के बाद आईटी भूखंड की स्कीम लांच की जाए। सीईओ के निर्देश पर प्राधिकरण के आईटी विभाग की कंपनियों के प्रबंधन से संपर्क कर रही है। इस बीच ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने भी हाल ही में टेकजोन-4 स्थित 5 कंपनियों, ओसियन इंफ्रा हाइट्स, एसपीआई आईटी, एडवांस कंप्यूसॉफ्ट, अर्था इंफ्राटेक और भूटानी आईटी पार्क का जायजा लिया। कंपनियों के प्रबंधन से आईटी सेक्टर की समस्याओं पर बात की। वे लोग प्राधिकरण की आईटी भूखंडों के आवंटन की शर्तों में किस तरह का बदलाव चाहते हैं, भूखंड आवंटित होने के बाद उद्यम शुरू करने में क्या दिक्कत आ रही है, आईटी में किस कैटेगरी के वर्क का अधिक स्कोप है, इस तरह के तमाम मुद्दों पर दोनों अधिकारियों ने आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि से बात की और उनसे प्राप्त सुझावों को हायर अथॉरिटी के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण हर संभव कदम उठाने को तैयार है। आईटी कंपनियों से सुझावों को प्राप्त कर प्राधिकरण बोर्ड और षासन के समक्ष रखा जाएगा। प्राप्त अनुमति के आधार पर आगे कदम बढ़ाया जाएगा।

## सेक्टर-150 में लगेंगे सीसीटीवी

**नोएडा।** नोएडा में युवराज की मौत के बाद प्राधिकरण अब सेक्टर-150 में सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। ये कैमरे इंटीग्रेटड सिक्यूरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के तहत लगाने जा रहा है। कैमरा ब्लैक स्पाट के अलावा सेक्टर-150 की मुख्य सड़क और सोसाइटी के बाहर रोड पर लगाए जाएंगे। जिनकी लाइव निगरानी सेक्टर-94 कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। प्राधिकरण ने हाल ही में 65 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया था। जिसमें 15 स्पॉट पर खुद और 50 पर डेवलपर काम करवा रहा है। सेक्टर-150 में घटना स्थल और उसके आसपास क्रैश बैरियर लगाए जा चुके है। अब इसे और सुरक्षित बनाते हुए हाइ रेज्यूल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे। कंपनी सर्वे कर रही है कि यहां कितने कैमरे लगाए जाए। इसकी लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी।

# मुस्लिम धर्म गुरु पर हमले का मामला

■ **सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल- जब एफआईआर सही धाराओं में नहीं, तो जांच कैसे आगे बढ़ेगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में मुस्लिम मौलवी पर कथित हमले के मामले में यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- केवल जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर देना, उचित कानूनी धाराओं में एफआईआर दर्ज न करने का विकल्प नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने स्पष्ट शब्दों में टिप्पणी करते हुए कहा- जांच अधिकारी के खिलाफ जांच कार्यवाही करना उचित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज न करने का समाधान नहीं है।"

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ दिल्ली निवासी काजीम अहमद शेरवानी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि साल 2021 में उनकी मुस्लिम पहचान के कारण एक समूह ने उन पर हमला किया था। याचिका में निष्पक्ष जांच कराने और शिकायत दर्ज न करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी ने अदालत को बताया कि यह कोई एकल घटना नहीं है, बल्कि ऐसे मामलों में प्रशासन की अनिच्छा बार-बार देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भले ही एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसमें हेट क्राइम से संबंधित आईपीसी की महत्वपूर्ण धाराएं, धारा 153ठ और 295। शामिल नहीं की गईं।

**धारा 196 सीआरपीसी और सरकारी मंजूरी का सवाल:** अहमदी ने दलील दी कि आरोपों के आधार पर ये धाराएं स्पष्ट रूप से लागू होती हैं। इस पर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि इन धाराओं में संज्ञान लेने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के तहत सरकारी मंजूरी आवश्यक होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज नहीं होगी, तब तक मंजूरी और आगे की जांच की प्रक्रिया संभव नहीं है।

**विभागीय कार्रवाई पर कोर्ट की तीखी टिप्पणी:** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने अदालत को बताया कि यह जांच अधिकारी की गलती थी और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

इस पर जस्टिस मेहता ने तीखी टिप्पणी करते हुए पूछा, "क्या विभागीय कार्रवाई से एफआईआर की कमी पूरी हो जाती है?" उन्होंने कहा कि उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज किए बिना जांच और मंजूरी की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती।

# फर्जी कागजातों से 10 बीघा जमीन बेची, छह आरोपियों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में फर्जी कागजात तैयार कर 10 बीघा जमीन बेचने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने एक ऐसी जमीन बेची जो मौके पर मौजूद ही नहीं थी। इस धोखाधड़ी का शिकार हुए खरीदार की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से पुलिस ने दो नामजद सहित छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना मेहंदीपुर गांव की है, जहां जालसाजों ने लगभग 10 बीघा जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाए और उसे लाखों रुपये में बेच दिया। पीड़ित ने बताया कि यह जमीन असल में कभी मौके पर थी ही नहीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, देहरादून निवासी नीरज गर्ग ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने वर्ष 2009 में निवेश के उद्देश्य से जमीन खरीदने की योजना बनाई थी। इसी दौरान वह अपने एक दोस्त के माध्यम से गाजियाबाद निवासी कुसुम आर्य और सत्य भूषण आर्य के संपर्क में आए। कुसुम आर्य और सत्य भूषण आर्य ने कुछ स्थानीय लोगों की मदद से नीरज गर्ग को मेहंदीपुर गांव में करीब 10 बीघा जमीन दिखाई। बाद में इस जमीन की रजिस्ट्री कराकर नीरज गर्ग से 4.65 लाख रुपये ले लिए गए। कुछ समय बाद जब पीड़ित ने जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की, तो आरोप है कि डीलरों ने कई वर्षों तक बहाने बनाकर टालमटोल की। पीड़ित को बाद में पता चला कि जमीन मौके पर कहीं मौजूद ही नहीं थी। जालसाजी का पता चलने पर उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, जिस पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया और अभद्रता की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कुसुम आर्य, सत्य भूषण आर्य और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टर-81 में वाहन से कुचलकर कंपनीकर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-81 में अज्ञात वाहन ने कंपनीकर्मी को कुचल दिया। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झांसी निवासी नितिन कुमार ने फेज-2 थाने में शिकायत दी कि वह बरौला गांव में परिवार के साथ रहते हैं। उनके पिता महेश कुमार एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास स्थित कंपनी में नौकरी करते थे। वह 27 जनवरी की रात करीब आठ बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद घर आ रहे थे। सेक्टर-81 में अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इससे महेश के सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोटें आईं।

महेश काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे। राहगीर उन्हें अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-58 निवासी आदित्य कुमार ने एक्सप्रेसवे थाने में शिकायत दी कि सेक्टर-130 में उनकी बहन रहती है। युवती 19 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे सेक्टर-137 स्थित कंपनी में नौकरी करने जा रही थी। रास्ते में तेज रफ्तार कार चालक ने युवती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह बेहोश हो गई। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अब भी उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रेलवे का बड़ा केंद्र बनाया जाए : सुरेंद्र नागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने मंगलवार को सदन में ग्रेटर नोएडा को रेलवे का बड़ा हब बनाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने लंबी दूरी की ट्रेन के स्टॉपेज दादरी और बोड़ाकी स्टेशन पर करने के लिए कहा। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा कि ग्रेटर नोएडा की आबादी 12 लाख से अधिक है। यहां पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों के लोग रहते हैं। दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी पढ़ने के लिए आते हैं।

इसके बावजूद लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए लोगों को ग्रेटर नोएडा से 50 किलोमीटर दूर गाजियाबाद या दिल्ली जाना पड़ता है।

उन्होंने मांग की कि ग्रेटर नोएडा के दादरी और बोड़ाकी रेलवे स्टेशन से रोजाना प्रयागराज रीवा सुपर फास्ट एक्सप्रेस, वंदे भारत, शताब्दी एक्सप्रेस और शिवगंगा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें गुजरती हैं, लेकिन उनका ठहराव नहीं है। इन तीनों ट्रेनों के दादरी और बोड़ाकी में ठहराव की अनुमति दी जाए ताकि यहां के लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही जनहित में ग्रेटर नोएडा को रेलवे हब बनाने के लिए बोड़ाकी रेलवे स्टेशन का जल्द विकास किया जाए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिला नया फर्नीचर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में आज नायब तहसीलदार ज्योत्सना द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु उपलब्ध कराए गए खिलौना एवं फर्नीचर का भौतिक सत्यापन किया गया।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सन्ध्या सोनी एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए फर्नीचर, शिशु डेस्क तथा इंटरलॉकिंग मैट का वितरण किया गया, जिससे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में आरबीएसके टीम के डॉ. मनीष द्वारा एनडीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कृमिनाशक दवा का वितरण किया गया। साथ ही



समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आगामी 10 फरवरी को आयोजित होने वाले कृमिनाशक दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल दवा का वितरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

सेक्टर मीटिंग के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर, ऑपरेटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, चउउअल फार्म भरवाने, अपार आईडी एवं एफआरएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों के निर्देशन में प्रदान की गईं, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिल सके।

इसके अतिरिक्त स्वाभिमान होंडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सूरजपुर (ग्रेटर नोएडा) में शौचालय नवनीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। उक्त कार्य के सफल संपादन हेतु सीडीपीओ दनकौर द्वारा होंडा इंडिया फाउंडेशन की टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# चोरों ने की किसान के मकान से भैंस चोरी

## ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर भैंस को उसके कब्जे से किया बरामद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के नेथला गांव में किसान राकेश के मकान से एक भैंस चोरी हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी हुए भैंस को बरामद कर लिया है और एक चोर को भी हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

किसान राकेश ने बताया कि चोरों ने रात में उनके मकान की दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कांग्रेस नेता क्षितिज त्यागी के अनुसार, तीन से अधिक चोर राकेश के घर में घुसे थे। उन्होंने एक भैंस को चुराया और अन्य सामान चोरी करने का भी प्रयास किया। जैसे ही राकेश के परिवार के सदस्यों को घर में किसी के होने का आभास हुआ, चोर भागने लगे। इस दौरान ग्रामीण इकट्ठा हुए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुए भैंस को बरामद कर लिया और एक चोर को पकड़ लिया। सरूरपुर चौकी पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की भी अपील की। फिलहाल, कोतवाली पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## किसानों ने सरकार से की बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराल के जंगल में 5 दिन पूर्व पूर्वी यमुना नहर की पटरी टूटने से लगभग 500 बीघा गेहूं सरसों की फसल पूरी तरह पानी भर जाने से नष्ट हो गई थी। फसल डूबने पर बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा किसानों ने सरकार से मांगा है। चौधरी पुष्पेंद्र सिंह धर्मपाल सिंह अजीत चौधरी विनोद कश्यप महावीर चौधरी दीन मोहम्मद रफीक चौधरी सुल्तान चौधरी धर्मवीर सिंह राकेश नीरज प्रदीप तोमर सत्येंद्र तोमर आदि किसानों ने सरकार से मांग करते हुए किसानो की हुई फसल बर्बादके लिए उचित मुआवजा दिया जाने की मांग की। कल डूबने से किसानों के अरमान भी डूब गए थे।

किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण किसानों का यह फसलों का नुकसान हुआ है सिंचाई विभाग के अधिकारी नहर की सफाई वह मरम्मत समय पर नहीं कर पाते। इस मौके पर किसान नेट राजपाल सिंह देवेंद्र सिंह रोहतास भारतीय किसान यूनियन के उपेंद्र सिंह नीरज चौधरी आदि का कहना है कि 15 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी सीसीआई वाक्य अधिकारियों की कार्य प्रणाली ठीक नहीं है। इन्होंने आरोप लगा कि ने तो नहर की ताली को समतल किया जाता और उन्हें ही किनारो की सही तरीके से मजबूती करके वहां की सफाई हो पाती इसमें सिंचाई विभाग की लाप. रवाही उजागर हो रही है। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार से बात की गई तो इनका कहना है कि नहर में अधिक पानी ऊपर भर जाने से किसानों की फसलों में पानी घुस गया था अब नहर की पूरी तरह से सफाई करने का कार्य किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। नहर की पटरी टूटने के साथ खेतों में पानी घुस गया था।

## सीडीओ डा. पूजा का चार्ज ग्रहण करने पर अधिकारियों ने किया स्वागत



**मथुरा।** गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. पूजा गुप्ता के द्वारा शासन के निर्देश पर जनपद में सीडीओ पद का चार्ज ग्रहण करने पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। जनपद के सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा नवागत सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता के स्वागत और निवर्तमान सीडीओ मनीष मीना का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीआरडीए के पीडी एके एके उपाध्याय व डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का नवागत सीडीओ से परिचय कराया। सभी अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, डीडीओ गरिमा खरे, मनरेगा के उपायुक्त विकास कुमार, जिला विकलांक कल्याण अधिकारी विशाल कुमार, सभी बीडीओ व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुसार विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही नहीं हो, सभी कार्य गुणवत्ता पूर्वक किये जाएं। यदि कार्य कराने में कोई बाधा है तो उनसे किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं। चार्ज ग्रहण करने के बाद स्थानांतरण लीव पर चली गई।

## यमुना नदी पर नहीं लगाया किसी प्रकार का कोई तटबंध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी पर बसे जागौश शबगा गांव में यमुना नदी पर प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक यमुना नदी पर लगने वाली ठोकर बांध बनाने की प्रक्रिया चालू नहीं होने पर किसानों में आक्रोश पनप कर रहा है।

दोनों गांव के किसानों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा यमुना नदी पर बांध बनाने या ठोकर लगने के लिए 20 करोड रुपए मंजूर हो गए हैं। मगर अभी तक यमुना नदी पर किसी प्रकार की कोई भी तटबंध ठोकर लगाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। अगर समय रहते कार्य प्रगति पर चालू नहीं हुआ तो किसान तहसील परिसर में धरना देंगे। इन दोनों गांव का यमुना नदी मे अधिक पानी आ जाने से करोड़ों रुपए का नुकसान खेत खलियानों में हो गया था जिसकी सरकार द्वारा मात्र भरपाई ऊंट के मुंह में जरा जैसी हुई थी। वहीं किसानों ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राज. कुमार सांगवान एवं प्रदेश के राज्य मंत्री केपी मलिक द्वारा पैसा मंजूर करवाने की गुहार लगाई थी। इन दोनों नेताओं के माध्यम से 20 करोड रुपए मंजूर तो हो गए, मगर अभी तक किसी प्रकार का कोई भी कार्य यमुना नदी पर शुरू नहीं जागौश प्रधान निशा देवी शबगा प्रधान प्रतिनिधि विनोद पवार एडवोकेट वेदपाल पवार पूर्ण राजु त्यागी।दिपक त्यागी सुरेश शर्मा अजय त्यागी चंद्रकिरण त्यागी अनिल शर्मा सत्यप्रकाश त्यागी ओमप्रकाश पंवार आदी किसानों ने प्रदेश सरकार से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। इसके अलावा समस्त ग्राम वासियों में आक्रोश पनप रहा है। किसानों ने जल्द सरकार से आग्रह किया है कि यमुना नदी पर कार्य निर्माण चालू कराया जाए। अन्यथा दोनों गांव के किसान निर्माण कार्य चालू करने की मांग को लेकर धरना देंगे।

## दिल्ली- शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण को बजट मंजूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण परियोजना को रेल बजट में मंजूरी मिल गई है। सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने सोमवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले साल 24 नवंबर को बड़ौत में नई ट्रेनों के शुभारंभ के दौरान दिल्ली-शामली रेलवे लाइन के दो. हरीकरण की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले महीने रेलवे विभाग ने इस लाइन का सर्वे भी कराया था, जिससे परियोजना के बजट में शामिल होने की उम्मीद बढ़ गई थी। सांसद डा. राजकुमार सांगवान के अनुसार, बजट प्रावधान के बाद अगले कुछ महीनों में दोहरीकरण का कार्य शुरू होने की संभावना है। इस परियोजना को लगभग तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दोहरीकरण पूरा होने के बाद इस रेल मार्ग पर नई ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और रेल यातायात भी सुचारु होगा। यह लंबे समय से चली आ रही भीड़ और इंतजार की समस्या को कम करने में भी सहायक होगा। डा.राजकुमार सांग. वान ने कहा, षदिल्ली-शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। साथ ही इस मार्ग पर आधुनिक कोच भी दिए गए हैं। रेल मंत्री ने बड़ौत आकर जो घोषणाएं की थीं, उन्हें वह चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रहे हैं। यात्रियों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। पुष्पेंद्र चौहान और रोहित तोमर ने कहा कि दो. हरीकरण से इस रूट पर चलने वाले सैकड़ों यात्रियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की।

## अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग

**बडौत।** नगर की एक कॉलोनी में रविवार देर रात अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग कर दी गई। इसमें महिला बाल-बाल बच गई। महिला ने तब तक शोर मचाया फायरिंग करने वाले फरार हो चुके थे। कोतवाली में तहरीर मिलने पर पुलिस ने प्रिंस, पुन्नी वर्मा, रामकुमार वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। महिला ने बताया कि रविवार रात किसी काम के लिए अपने जेठ के घर गई थी। जेठ के सामने वाले मकान में रहने वाले दो युवक उसे देखकर अश्लील हरकतें करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेटी का अपहरण करने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस से करने की बात कहने पर आरोपियों ने तमंचे और बंदूक से उस पर गोली चला दी। इसमें वह बाल-बाल बच गई। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी वहां आ गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों ने वहां आकर मामला शांत कराया। इसमें जांच अधिकारी मनोज कुमार चहल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामकुमार वर्मा व उसके बेटे प्रिंस, पुन्नी वर्मा के खिलफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के उपरांत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अध्यक्षा राज्य महिला आयोग ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मथुरा।** अध्यक्षा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ0 बबिता सिंह चौहान के द्वारा कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार मे साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था अच्छी मिली। उनके द्वारा महिला वार्ड का निरीक्षण कर महिलाओं से उनका हाल चाल उनकी समस्या आदि के बारे में जानक. ारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में अपनी मां के साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गई। कारागार के पाक शाला में सायकल का भोजन बनाया जा रहा था जिसे चेक किया गया।पाक शाला में साफ सफाई अच्छी मिली तथा पाक शाला में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता ठीक पाई गई।उनके द्वारा कारागार में बंदियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाई जा रही पोशाक की सराहना की गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, डॉक्टर उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी,जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह,डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह, रविन्द्र कुमार हेमराज एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## उगाही के वाइरल वीडियो की पड़ताल करेगा मानव अधिकार ट्रस्ट



**मथुरा।** जनपद में इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासन और आम जनता का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस वीडियो में कुछ लोग खुलेआम उगाही करते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने उगाही कर रहे लोगों से अपना परिचय मानवाधिकार परिषद के कार्यकर्ता के रूप में दिया, तो उगाही करने वाले व्यक्ति भड़क गए और उसे धमकाने लगे। वीडियो में साफ तौर पर देखा और सुना जा सकता है कि किस तरह दबंगई के बल पर पैसे की मांग की जा रही है और विरोध करने पर डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से आहत मानवाधिकार परिषद के कार्यकर्ता ने तत्काल इस पूरे मामले की जानक. ारी संगठन के पदाधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एम. के. कबीरा मथुरा पहुंचे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में वायरल वीडियो पर विस्तार से चर्चा की गई और उगाही जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाने की बात कही गई। प्रदेश अध्यक्ष एम. के. कबीरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी हाल में आम जनता का शोषण और भय के माहौल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वीडियो के आधार पर उगाही करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।मानवाधिकार परिषद ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस वायरल वीडियो पर क्या कदम उठाता है और पीड़ित को न्याय कब तक मिलता है। इस दौरान राजुद्दीन, एसपी यादव, कोमल मंडल फातिमा लियाकत अली, प्रीतम नरेश कुमार, अलाउद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

## डा. शकुन अग्रवाल मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बेनहर गुरुकुल की गुनीत कौर बनीं लिटिल चैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला स्तरीय टेबल टेनिस एसोसिएशन पीलीभीत के तत्वाधान में बेनहर पब्लिक स्कूल में टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। जिसमें अनेकानेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस खेल के निखरते सितारों में बेनहर गुरुकुल के अनेक विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया और खेल के प्रति समर्पण भाव प्रदर्शित किया। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष जिला पीलीभीत की भूतपूर्व एम.डी. डॉ.शकुन अग्रवाल की याद में बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाती है।

मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर , डॉ.एस.के. अग्रवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, बेनहर की संस्थापिका रंजीत सैहमी, मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, बेन हर गुरुकुल के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। बेनहर गुरुकुल के कक्षा सात के जगनूर सिंह ने जूनियर बॉयज कैटिगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात की मंसीरत कौर ने जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा ग्यारहवीं के शौर्य सिंह ने सीनियर बॉयज कैटिगरी में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। कक्षा दो की गुनीत कौर का खेल में अद्वितीय प्रदर्शन देखकर उसे लिटिल चैंप ट्रॉफी से नवाजा गया। विद्यालय के खेल अध्यापक रमन दीप सिंह और मनोज भास्कर, शिक्षक गुरसेवक सिंह और यश आनंद का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर व विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## निगम की जनसुनवाई में हुई 17 शिकायतें दर्ज



**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किए जा रहे संभव संतुष्टि एवं समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान ने जनसुनवाई की।

वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक ने तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। भूतेश्वर जोन में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 2 अतिक्रमण से संबंधित 2 स्ट्रीट लाइट से संबंधित और 1 आवारा कुत्तों को पकड़वाने से संबंधित शिकायत शामिल रही। इनमें से 1 लाइट से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वृंदावन जोन में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 3 स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 2 जलकल विभाग से संबंधित 2 निर्माण विभाग से संबंधित और 2 अन्य श्रेणी की शिकायतें शामिल रहीं। सिटी जोन में सीवर से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका निस्तारण करा दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कराया जाए। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृति में छात्रों व युवा उद्यमियों को नवोन्मेष के लिए किया जागरूक




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्याल ने अपने संस्कृति टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फाउंडेशन और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के माध्यम से नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा उद्यमियों के बीच उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इनोवेशन-आधारित सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता एनएसआईसी के डिप्टी मैनेजर देवेंद्र कुमार गौतम ने इच्छुक उद्यमियों के लिए उपलब्ध सरक. ारी सहायता प्रणालियों, योजनाओं और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप को बढ़ावा देने और छोटे पैमाने के उद्योगों को मजबूत करने में नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने सफल उद्यमों को बनाने और बनाए रखने में अपनी इंडस्ट्री की विशेषज्ञता, पॉलिसी की जानकारी और व्यावहारिक अनुभव साझा किए। आगरा बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन की निदेशक सुश्री रुचि द्विवेदी ने इनोवेशन-आधारित उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए, जिसमें स्थायी उद्यम बनाने में बिजनेस इनक्यूबेशन, नेटवर्किंग और मेंटरशिप के महत्व पर जोर दिया गया।

अलीगढ़ बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन के निदेशक मुकेश ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं पर संबोधित किया, छात्रों को स्थानीय व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने और स्केलेबल, समाधान-उन्मुख उद्यम विक. सित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभा को संबोधित करते हुए, डीन-एसओएमसी डॉ. गंगाधर हुग्गर ने इनोवेशन, आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में उद्यमिता की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए एक उद्यमी मानसि. कता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं और संस्थागत सहायता, उद्योग सहयोग के अवसरों और उद्यमी चुनौतियों से निपटने और उद्यमों को स्थायी रूप से बढ़ाने की रणनीतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। इस अवसर पर, 100 से अधिक छात्रों को नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए, जो कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण परिणाम था। कार्यक्रम का समापन संस्कृति यूनिवर्सिटी के संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रीपेड मीटर और बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, प्रीपेड मीटर की विसंगतियों और व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कड़ा रुख अपनाया है।

संगठन के जिला अध्यक्ष एमए जिलानी के निर्देश पर जिले भर में प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। पीलीभीत मुख्यालय पर संगठन के नगर महामंत्री राशिद अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, जबकि पूरनपुर में नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में व्यापारियों ने उप ज़िलाधिकारी (ँक्ड) को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रीपेड मीटर व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है।

व्यापारियों का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व उपभोक्ताओं की पुरानी जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए और प्रीपेड व्यवस्था में फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त कर 'शुद्ध उपभोग' (जितनी बिजली खर्च, उतना बिल) आधारित बिलिंग की जाए। साथ ही, बंद मकानों पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र इमरान व पुत्रवधू साहिबा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दिलशाद पुत्र शरीफ निवासी ग्राम ग्राम शबगा थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आमिर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

आबिद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जनपद बागपत।

# खुले नाले में गिरी कार, बाल-बाल बचा परिवार

## सरधना में दवाई लेने जा रहा था परिवार, अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील रोड पर सोमवार रात्रि बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सड़क किनारे खुले पड़े नाले में एक कार जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार पूरा परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन यह घटना नगर पालिका की लापरवाही को उजागर करती है। नाले के पास नगर पालिका की ओर से न तो कोई साइन बोर्ड लगाया गया था और न ही कोई बैरिकेडिंग की गई थी।

जानकारी के अनुसार मेरठ के घंटाघर निवासी फिरोज अपने परिवार के साथ सरधना में डाक्टर इमरान के यहां दवा लेने आए थे। तहसील रोड पर अचानक कार के सामने कुत्ता आ जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे सड़क किनारे खुले नाले में जा गिरा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नाले को ढका गया होता या चेतावनी संकेत लगाए गए होते तो हादसा टल सकता था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कार को बाहर निकालने के



लिए पहले ट्रैक्टर से प्रयास किया गया, बाद में हाइड्रा मंगाकर गाड़ी को निकाला गया। हादसे के बाद भी अगले दिन तक नगर पालिका का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### अन्य जिलों में जानलेवा हादसे, फिर भी नहीं जागी सरधना नगर पालिका

प्रदेश के कई जिलों में खुले नालों की वजह से जानलेवा हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सरधना नगर पालिका ने कोई सबक नहीं लिया। नोएडा और मेरठ में खुले नालों में गिरने से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। इन घटनाओं के बाद संबंधित नगर निकायों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए, लेकिन सरधना में हालात जस के तस बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अन्य जिलों में नालों में गिरकर लोगों की जान जा रही है, तब भी सरधना नगर में नाले खुले छोड़ दिए गए हैं। न तो नालों को ढका गया है और न ही किसी प्रकार के साइन बोर्ड या बैरिकेडिंग लगाई गई है, जिससे राहगीरों को खतरे का अंदाजा हो सके। लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या सरधना नगर पालिका यहां भी किसी बड़े हादसे या मौत का इंतजार कर रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते खुले नालों पर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो पालिका की यह अनदेखी किसी दिन बड़े और जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तहसील रोड पर यह नाला लंबे समय से खुला पड़ा है। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर पालिका ने न तो नाला ढकवाया और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था की। लोगों का आरोप है कि प्रदेश के अन्य जिलों में खुले नालों के कारण हुए हादसों से भी सरधना नगर पालिका ने कोई सबक नहीं लिया। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से खुले नालों को तत्काल ढकने, साइन बोर्ड व बैरिकेडिंग लगाने तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है की नाला करीब 6 फिट गहरा है जो कभी भी हादसे को दावत दे सकता है।

# प्रतिबंधित कछुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

## वन विभाग की टीम ने ब्रहमपुरी पुलिस के साथ मिलकर की कार्रवाई

■ एक इंडियन स्पॉटेड कछुए के अलावा 23 इंडियन टेन कछुए बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए 24 प्रतिबंध कछुओं के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद हुए कछुओं को वन विभाग की टीम को सौंप दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। वन रक्षक मेरठ रेंज दीपक सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुरी क्षेत्र में कुछ कछुए तस्कर मौजूद हैं।

उनके पास दुर्लभ प्रजाति के प्रतिबंध कछुए हैं। मामले की सूचना थाना ब्रह्मपुरी पुलिस से साझा की गई जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इसके बाद ब्रह्मपुरी पुलिस को सूचना मिली कि माधवपुरम स्थित बच्चा कब्रिस्तान के पास आरोपी मौजूद हैं। ब्रह्मपुरी पुलिस ने वनरक्षक मेरठ रेंज दीपक सिंह, वन दरोगा मेरठ रेंज संदीप और वन दरोगा मेरठ रेंज रिठानी बीट मोहन सिंह को साथ लेकर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जनपद हापुड़ के ग्राम सोनपुर निवासी रामकुमार पुत्र ओमपाल, कोठी गेट अहाता हापुड़ निवासी अनुज पुत्र ओमप्रकाश और शाहरुख पुत्र गफ्फार निवासी मोहल्ला एहसान नगर असोड़ा थाना हापुड़ के रूप में हुई। उनके कब्जे से एक इंडियन स्पॉटेड कछुआ और 23 इंडियन टेन कछुए बरामद हुए हैं। वहीं इस मामले में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष राजेश कंबोज के नेतृत्व में पुलिस और वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 41/42 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी कछुए वन विभाग की सुपुर्दगी में दे दिए गए हैं। पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुटी गई है।

# उत्तर प्रदेश के नवाचार मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राज्य के 6 सदस्यीय विशेषज्ञ दल ने उत्तरी भारत के राज्यों के लिए आयोजित पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश का प्रति. निधित्व किया। इस दल ने माध्यमिक विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम periential Learning के सफल मॉडल को प्रस्तुत किया, जिसकी देशभर से आए विशेषज्ञों ने सराहना की।



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विशेष रूप से चयनित और नामित इस राज्य संसाधन समूह SRG की टीम में रुचिरा चंदेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। वह किठौर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज GIC में कार्यरत हैं। उत्तरी भारत के 10 राज्यों के इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की ओर से केवल 6 SRG सदस्यों की एक उच्च-स्तरीय टीम को शॉर्टलिस्ट कर भेजा गया था। यह पांच दिवसीय गहन क्षमता संवर्धन कार्यक्रम उत्तरी क्षेत्र के राज्यों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें 10 राज्यों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य माध्यमिक स्तर की शिक्षा को रटने की पद्धति से मुक्त कर प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित बनाना था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन, उत्तर प्रदेश की टीम ने एक विशेष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन PPT के माध्यम से राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम के सफल क्रियान्वयन को प्रदर्शित किया। इस प्रस्तुति को देश भर से आए विशेषज्ञों ने सराहा, जिससे उत्तर प्रदेश के नवाचार मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर की धर्मशाला पर कब्जा करने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं ने ग्राम जाटोली स्थित प्लाट संख्या 288 पर संत शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर की धर्मशाला पर आरोपी रामेश्वर, रविंद्र, राजेश लाल, अरविंद, बबलू आदि पर धर्मशाला की खाली पड़े प्लाट पर चार दीवारी तोड़कर इस जमीन को अपनी जमीन में मिलाने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जब इस घटना की जानकारी समिति की सदस्य को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने हवाई फायरिंग भी की जिसकी अधिकारियों से शिकायत भी की गई थी लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने धर्मशाला की भूमि को खाली करने और आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कोहरे से नहीं मिली राहत, हाईवे पर थमी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फरवरी की शुरूआत के बावजूद ठंड और कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। मंगलवार को सुबह से ही घना को. हरा छाया रहा और करीब 11 बजे तक धूप के दर्शन नहीं हुए। इससे तापमान में गिरावट बनी रही और दिनभर ठंड का एहसास रहा।

बीते एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी घना कोहरा और कड़ाके की ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बर्फबारी का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। ठंडी हवाओं के कारण तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि आगामी दो दिनों तक कोहरा बना रहेगा और ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। ऐसे मौसम में सतर्कता बरतना जरूरी है। बुजुर्ग व बच्चों का ख्याल रखे।

# पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर श्यामपुर रोड से पकड़ा गया। किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान कस्बा किठौर निवासी मोहम्मद परवेज पुत्र इस्लामुद्दीन उर्फ बबली के रूप में हुई है। उसे श्यामपुर रोड स्थित निर्माणाधीन कालोनी के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने परवेज की तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से एक 32 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# सरकारी विभागों से ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मानव एकता संस्था के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें उन्होंने सरकारी कार्यालय से ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग की है।

उनका कहना था कि जो वेतन ठेका कर्मचारियों को ठेकेदार के द्वारा दिया जाता है उस वेतन को सरकार अपने अधिकार से दे। ठेकेदारों के अधीन कार्यरत कर्मचारी चाहे वह सफाई कर्मचारी हो मैली हो चपरासी हो सुरक्षा गार्ड हो या फोर्थ क्लास कर्मचारी हो हर हाल में कर्मचारी का शोषण होता है। उन्होंने मांग की है कि ठेकेदारी प्रथा को तत्काल समाप्त किया जाए सभी ठेके के कर्मचारियों को सरकारी विभागों में नियमित कर्मचारियों के रूप में शामिल किया जाए। वेतन भत्ते पेंशन चिकित्सा सुविधा सभी सरकारी नियमों के अनुसार सीधे सरकार द्वारा दिया जाए कर्मचारी विभाग के अधीन हो ठेकेदार के नहीं। इस दौरान शालिनी सिंह, सुरेंद्र, कैलाश चंदोला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रवाद से प्रेरित भारत इक्कीसवीं सदी में दुनिया को दिखा रहा नई दिशाः डॉ. राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में शिक्षा, युवा शक्ति एवं राष्ट्रवाद से शिखर की ओर भारत विषय पर एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आरएसएस के बौद्धिक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील ने युवाओ से जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी सोच के साथ अखण्ड भारत का निर्माण कर भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने का आह्वान किया।

इसके साथ ही उन्होंने चीन एवं पाकिस्तान के कब्जे में चीन एवं पाक अधिकृत भारत के भू-भाग को वापस लेने के लिए युवाओ से आगे बढ़कर इस राष्ट्रीय जागरूकता अभियान से जुड़ने का संकल्प दिलाया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के स्वामी विवेकानन्द सभागार में राष्ट्रवाद युवा शक्ति एवं शिक्षा से शिखर की ओर भारत विषय पर आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बौद्धिक प्रकोष्ठ के सुशील प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रचारक योगेन्द्र, महाकवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, डॉ. राहुल अवस्थी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने भारत माता एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। सम्बोधन में संघ के पश्चिमी यूपी एवं



उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य अतिथि सुशील ने उपस्थित शिक्षको एवं बुद्धिजीवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि सही मायने में भारत को विकसित राष्ट्र 2047 के साथ-2 इस दुनिया का सिरमौर यानी विश्वगुरू बनाना है, तो इसमें शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा शक्ति एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ युवाओ को क्षेत्रवाद, जातिवाद, धर्म सम्प्रदाय से ऊपर अखण्ड भारत के निर्माण में जुटना होगा।

उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद वहां हो रहे तेजी से विकास का जिक्र करते हुए कहा कि जब पाक एवं चीन अधिकृत भारत का हिस्सा भारत में फिर से जुड़ जायेगा, तो निश्चित रूप से भारत समूचे विश्व का नेतृत्वकर्ता होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शिक्षा से सशक्त, युवा शक्ति से ऊर्जावान एवं राष्ट्रवाद से प्रेरित भारत इक्कीसवीं सदी में दुनिया को नयी दिशा देने के लिए तैयार है। यह एक ऐसा भारत होगा जो ज्ञान, शक्ति, शान्ति एवं मानवता के मूल्यो के साथ विश्व का नेतृत्व करेगा। यह बढ़ते हुए बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर है, जिस पर पूरी दुनिया नाज करेगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. राजवर्धन, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा रहे।

# अमन और शांति के साथ मना शब-ए-बारात का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को शब-ए-बारात का पर्व पूरे धार्मिक और श्रद्धा भाव से अपनों की याद में समर्पित करके मनाया गया। जहां उलेमाओं ने आतिशबाजी की निंदा की वहीं पुलिस ने भी आतिशबाजों पर शिंकजा कसने में कोई कसर नहीं छोड़ी पुराने शहर में कई जगह छापेमारी करके पुलिस ने सुररी बरामद की वहीं उलेमाओं ने भी नवयुवकों को समझाया कि यह दिन श्रद्धा के साथ अपने पुर्खो की याद में इबादत करने का दिन होता है। माना जाता है कि इस रात में की गई इबादत से पूर्खो को जन्नत नसीब होती है। वहीं कुछ इलाकों में इज्तमाओं का भी आयोजन किया गया। जहां इस्लामिक विदवानों ने नबी की याद में कलाम पेश किये। वहीं इस्लाम की शिक्षा को सही तरीके से जनता में रखने की नसीहत दी और कहा कि एक सच्चा मुसलमान वह मुसलमान होता है कि अगर पड़ोस के किसी घर में फाका है तो वह भोजन को बांटकर खाए। उलेमाओं ने पश्चिमी सभ्यता से व वहां के पहनावे से दूर रहने की हिदायत दी। जिसे लोगों ने सुना।

# डीएन पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट सॉफ्ट प्रो इंडिया ने 10 छात्रों को चुना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित डी. एन. पॉलिटेक्निक में मंगलवार को अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इसमें नोएडा की प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी सॉफ्ट प्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने हिस्सा लिया और संस्थान के होनहार विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। संस्थान के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधि अक्षित पाठक और निखिल राणा ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, भविष्य की संभावनाओं, वेतनमान और चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**चयन प्रक्रिया और परिणामः** कठिन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार इंटरव्यू के चरणों के बाद कुल 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। विशेष बात यह रही कि चयनित विद्यार्थियों में दो छात्राएं भी शामिल हैं, जो तकनीकी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का प्रमाण है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अर्चना गोयल ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर किया और चयनित छात्रों को बधाई दी। नोडल अधिकारी ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सुखदेव शर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विपिन कुमार, अर्पित बंसल और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट टीम का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्या ने बताया कि संस्थान लगातार अपने छात्र छात्राओं को बेहतर रोजगार दिलाने के लिए प्रयासरत है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के वर्तमान सत्र के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ में मंगलवार को बाहरवीं कक्षा के सत्र 2025-26 के समापन के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चेयरमैन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं कक्षा बारह के सभी छात्रों एवं छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा सभी बच्चों ने आने वाले समय में शिक्षित होकर समाज की सेवा करने का वचन लिया।

इस सत्र के स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने बैज ट्रांसफर सेरेमनी में हिस्सा लिया तथा स्कूल के नाम अपने-अपने संदेश पड़े। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा विदाई समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर करने तथा भविष्य में विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।





विदाई गीत गाते हुए बच्चे

# कृषि विवि के कुलपति ने किया अनुसंधान क्षेत्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने मंगलवार को परिसर में स्थित विभिन्न महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक उच्च कोटि के जनरल्स में रिसर्च पेपर प्रकाशित करने के लिए निर्देश दिए साथ ही उच्च कोटि का शोध कार्य करने के लिए भी आवेशित किया। उन्होंने प्रत्येक फैकल्टी से कहा कि उसके पास कम से कम एक प्रोजेक्ट अवश्य ही होना चाहिए जिसके पास परियोजना नहीं है वह अपनी परियोजना बनाकर तैयार रखें और जैसे ही विभिन्न ऑर्गेनाइजेशन से डिमांड आती है तो तुरंत परियोजना को सबमिट करें। जिससे प्रत्येक शिक्षक शिक्षण के साथ-साथ शोध में भी अच्छा कार्य कर सके। उन्होंने कहा शोध की गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए और अधिक से अधिक पेटेंट लेने के लिए कार्य किया जाना चाहिए यदि गुणवत्ता युक्त शोध होगा तो इसका सीधा लाभ हमारे छात्रों के साथ-साथ किसानों को भी मिल सकेगा। इस भ्रमण में निद. ेशक शोध डॉ. कमल खिलाड़ी स्नातकोत्तर डॉ. गोपाल सिंह, कृषि डाक्टर विवेक टेक्नोलॉजी, डॉ. जयवीर यादव, अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी डाक्टर रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



# बिजली की समस्याओं को लेकर ऊर्जा भवन पर व्यापारियों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दर्जनों सदस्य ऊर्जा भवन पहुंचे। इस दौरान व्यापारी नेता लोकेश अग्रवाल ने एमडी पावर को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर और नेट मीटर के बिल समय से नहीं बनाए जा रहे है। जबकि, 6 माह से 1 वर्ष तक कि देरी से बिल बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बिल बनवाने के लिए उपभोक्ता लगातार विभाग के चक्कर लगाता है। विभाग द्वारा देरी से बिल बनाए जाने के बाद भी उपभोक्ता से विलंब अधिभार चार्ज किया जा रहा है। मवाना के अधिशासी अभियंता कार्यालय में अनस पुत्र नौशाद पिछले एक वर्ष से नाम परिवर्तन के लिए चक्कर लगा रहा है। लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा नाम परिवर्तन कि कार्यवाही नहीं कि जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि, शिबली इश्तयाक की भूमि पर इलियास पुत्र मोहम्मद उमर ने फर्जी कागजों के आधार पर विद्युत कनैक्शन लगवा लिया। जिसकी शिकायत लगातार अधिशासी अभियन्ता मवाना प्रथम के यहां करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि, चमन सिंह फौजी पुत्र बलाकी ग्राम व पोस्ट मुरलीपुर के निवास से अवर अभियन्ता ने भी कोई कार्यवाही नहीं की। इसके अलावा शाहिद पुत्र अब्दुल सत्तर ग्राम भावनपुर पोस्ट सिवाल के विद्युत अकाउंट आईडी संख्या 771700678487 के बिल में 44.671 रुपए अधिक जमा अवर अभियन्ता राम सिंह द्वारा कराये गए और 10.297 रुपए साजिद से लेकर अपने पास रख लिए। उन्होंने कहा कि शाहिद पुत्र अब्दुल सत्तर ग्राम भावनपुर पोस्ट सियाल की यहां फर्जी विद्युत जांच दिखा कर अवर अभियन्ता राम सिंह ने बिजली चोरी की एफआईआर लिखा दी। जबकि प्रार्थी के विरोध करने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा की गयी जांच के उपरांत भी निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो गलत है। वहीं एमडी पावर ने सभी मामलों में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# भांबरी एटीपी युगल के टॉप 20 में

## रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बने युकी भांबरी



**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भाम्बरी ताजा एटीपी रैंकिंग में करियर की बेस्ट रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं, और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। अपनी पिछली रैंक 22 से बड़ी छलांग लगाते हुए, युकी ने अपने करियर में पहली बार आधिकारिक तौर पर एटीपी डबल्स स्टैंडिग के एलीट टॉप 20 में जगह बनाई है। यह रैंकिंग में उछाल 33 साल के खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन की वजह से आया है, जिन्होंने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए जरूरी थे। पहले मैच में लोकल वाइल्डकार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को हराने के बाद, युकी और गोरान्सन ने दूसरे राउंड में सैंटियागो गोंजालेज और डेविड पेल के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-6(5), 6-3 से जीत हासिल की। अगले राउंड में एक कड़े मुकाबले में वे ब्राजीलियाई जोड़ी ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस से 6-7(7), 3-6 से हार गए। युकी 2025 सीजन से लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जहां वे न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें एक सेट और ब्रेक का फायदा होने के बावजूद चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की से हार का सामना करना पड़ा था। मार्च 2025 में, भांबरी ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन के साथ जोड़ी बनाकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीता। इस जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद चार मैच पॉइंट बचाकर मौजूदा यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स चैंपियन हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन को एक रोमांचक फाइनल में 3-6, 7-6(12), 10-8 से हराया। सीजन की शुरुआत में, भांबरी भारत के नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी भी बन गए थे, जिससे अनुभवी रोहन बोपन्ना का टॉप पर 286 हफ्ते का शानदार राज खत्म हो गया था। वह अभी मिडिल ईस्ट में एटीपी 500 स्विंग खेलने वाले हैं, इन बड़े टूर्नामेंट्स का इस्तेमाल करके वह रैंकिंग में और ऊपर जाना चाहते हैं और बाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप टाई के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है: सौरभ गांगुली





**क्रिकेट में दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं, रेसिंग में भी ऐसा ही है**

**पणजी, वार्ता।** जैसे ही गोवा की सड़कें 14 और 15 फरवरी को इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) के लिए एक हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट्स एरिना में बदलने के लिए तैयार हो रही हैं, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली का मानना है कि स्ट्रीट रेसिंग एक टीम के असली चरित्र को सामने लाती है, जो सिर्फ मशीनरी या लैप टाइम से कहीं ज्यादा है।

मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थाई स्ट्रीट सर्किट पर होने वाला गोवा राउंड आईआरएफ कैलेंडर के सबसे चुनौतीपूर्ण इवेंट्स में से एक है। एक रिलीज के अनुसार, गांगुली के लिए, स्ट्रीट रेसिंग का दबाव काफी जाना-पहचाना लगता है। गांगुली ने कहा कि स्ट्रीट रेसिंग सिर्फ कार का नहीं, बल्कि टीम का टेस्ट करती है। क्रिकेट में, दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं। यहां भी ऐसा ही है। जब गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती, तो चरित्र सामने आता है। क्रिकेट और मोटरस्पोर्ट के बीच तुलना करते हुए, पूर्व भारतीय कप्तान ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की तुलना देश में क्रिकेट पर इंडियन प्रीमियर लीग के प्रभाव से की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है। यह टॉप इंटरनेशनल टैलेंट, भारतीय ड्राइव. रों, टीम मालिकों और फैंस को एक ऐसे फॉर्मेट में एक साथ लाता है जो इंटेंस, प्रतिस्पर्धी और सुलभ है। जैसे आईपीएल ने लोगों के क्रिकेट से जुड़ने का तरीका बदल दिया, वैसे ही आईआरएफ मोटरस्पोर्ट के लिए ऐसा कर रहा है। गांगुली के अनुसार, परमानेंट सर्किट से शहर की सड़कों पर जाने से टीम के अप्रोच में मौलिक रूप से बदलाव आता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2029 एशियन विंटर गेम्स अल्माटी में शिफ्ट किए गए

**कुवैत, वार्ता।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने सोमवार को घोषणा की कि 2029 के एशियन विंटर गेम्स कजाकिस्तान के अल्माटी में होंगे। यह इवेंट मूल रूप से सऊदी अरब में होने वाला था। ओसीए और कजाकिस्तान गुरुवार को इटली के मिलान में होस्ट सिटी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करके समझौते को औपचारिक रूप देंगे। सऊदी अरब को 2022 में मेजबानी के अधिकार दिए गए थे। हालांकि, पिछले महीने, सऊदी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति और ओसीए के एक संयुक्त बयान में घोषणा की गई थी कि इवेंट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### सेमीफाइनल में जायंट्स का मैच अंडरडॉग्स से होगा

**हरारे, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 अपने क्लाइमेक्स पर पहुंच रहा है, और मंगलवार को सभी की नजरें हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर टिकी हैं, जहां इंडिया अंडर19 का मुकाबला अफगानिस्तान अंडर19 से एक हाई-स्टेक्स सेमीफाइनल में होगा। इस मैच को एक क्लासिक जायंट्स बनाम अंडरडॉग्स शोडाउन के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें इंडिया टूर्नामेंट की फेवरेट टीम के तौर पर उतरी है, जो पांच मैचों में बिना हारे सेमीफाइनल में पहुंची है, जबकि अफगानिस्तान ने मोमेंटम और पक्के इरादे के साथ जायंट-किलर्स के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। इंडिया इस टूर्नामेंट की कहानी रही है। उनकी बैटिंग लाइनअप लगभग अजेय रही है, जिसकी लीडरशिप ओपनर वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं, जिन्होंने 134 की जबरदस्त रेट से रन बनाए हैं, और शुरुआत में ही गेम पर कब्जा करने में काबिल हैं। अभिज्ञान कुंडू, जिनका एवरेज 66.33 है, शांत एंकर रहे हैं, और अक्सर इंडिया को मुश्किल हालात से बाहर निकालते रहे हैं।

# एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर नोवाक

- **सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल तक पहुंचे नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच गए हैं। जोकोविच को फाइनल में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा।

अल्काराज ने मेलबर्न में इतिहास रचा, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। जबकि 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने ट्रॉफी उठाई, अन्य सितारों ने भी एटीपी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे, लेकिन रिकॉर्ड-विस्तारित 25वां स्लैम और मेलबर्न में 11वां स्लैम जीतने से चूक गए। जोकोविच ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर विबलडन 2024 के बाद पहली बार स्लैम फाइनल में वापसी की, जब वह अल्काराज से भी हार गए थे। यह पहली बार है जब 38 वर्षीय खिलाड़ी अगस्त 2024 के बाद एटीपी रैंकिंग में टॉप 3 में हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी नंबर 24 लर्नर टिएन पांच स्थान के सुधार के साथ करियर के उच्चतम स्थान पर पहुंच गया है, जब वह 2002 के बाद किसी मेजर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का अमेरिकी पुरुष बन गए। अमेरिकी खिलाड़ी ने दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में प्रभावशाली जीत हासिल की, जिससे दोनों की हेड2हेड श्रृंखला में उनका रिकॉर्ड 3-1 हो गया। टिएन ने 2025 का अंत शानदार तरीके से किया जब उन्होंने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल का ताज जीता। ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक अच्छे हफ्ते के बाद अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी आठ स्थान ऊपर चढ़ गए हैं।

# भारत एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा

## यह लगातार दूसरा अवसर होगा, जब भारत इन स्पर्धाओं की शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की शासी संस्था, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आज घोषणा की कि नई दिल्ली ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लिया है।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लॉस एंजेलिस 2028 (एलए 28) ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। इसकी पुष्टि एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (एएससी) के महासचिव, इंजी. नियर दुआइज अलओतैबी द्वारा सोमवार को एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव को भेजे गए पत्र के माध्यम से की गई। यह लगातार दूसरा अवसर होगा जब भारत राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं की इस शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ, जो इस खेल की वैश्विक शीर्ष संस्था है, ने पहले ही अप्रैल 2027 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/ पिस्टल/शॉटगन के आयोजन का अधिकार भारत को दिया है, जिसमें कुल 12 एलए 28 कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि यह हमारे भारतीय निशानेबाजों के लिए एलए 2028 की राह में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि अब उन्हें पूरे वर्ष में घरेलू लाभ के साथ दो ऐसे इवेंट्स मिलेंगे, जहां वे कोटा स्थान जीत सकते हैं। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए यह और भी उत्साहजनक है। एनआरएआई की ओर से, मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अलओतैबी और उनकी टीम का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भारत की क्षमता पर निरंतर भरोसा जताया है। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सफलता एनआरएआई की पूरी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और मैं सबसे पहले इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं। इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न विभागों व एजेंसियों द्वारा हमें मिला जबरदस्त सहयोग, भारत को विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# लगातार चौथी केसीएल जीत के साथ रोहतक रॉयल्स पहले स्थान पर

**सोनीपत, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली और रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली कबड्डी फेंचाइजी रोहतक रॉयल्स ने उद्घाटन कबड्डी चैंपियंस लीग में भिवानी बुल्स को 43-35 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में रॉयल्स की लगातार चौथी जीत रही, जिससे उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष स्थान और भी मजबूती से बरकरार रखा। रेडर और डिफेंडर, दोनों ने मिलकर एक संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सात अंकों के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे हिमांशु को 'बेस्ट डिफेंडर ऑफ द गेम' चुना गया। उन्हें अंकित (7 अंक), राकेश (6 अंक) और विजय (5 अंक) का शानदार सहयोग मिला। कप्तान संदीप नरवाल के साथ संदीप देसवाल और आर्यन ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई और क्रमशः तीन, तीन और दो अंक जोड़े। चार जीत और एक हार के साथ रो. हतक रॉयल्स अंक तालिका में शीर्ष पर हैं और उनका स्कोर अंतर 34 है, जो लीग में सर्वाधिक है। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज रोहतक रॉयल्स अब पानीपत पैंथर्स से भिड़ेंगे। मैच की शुरुआत में ही रोहतक ने पहला डिफेंसिव पॉइंट हासिल किया, जब कप्तान संदीप नरवाल ने विपक्षी खिलाड़ी को मैट पर रोका। विजय मलिक ने अपनी और टीम की पहली रेड में शानदार टच-एंड-रन के जरिए एक और अंक जोड़ा। पहले चार मिनट के भीतर ही रॉयल्स ने 5-1 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि भिवानी बुल्स ने उसी मिनट बोनस पॉइंट के साथ अपना खाता खोला।

# अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया



- **कार्लोस अल्काराज की गैर मौजदूगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर-2 ज्वेरेव, फेलिक्स, अलियासिमे और डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे**
- **कार्लोस अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया**

**रॉटरडैम, वार्ता।** नए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव , फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है।

22 साल के अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को चार सेट में हराकर मेलबर्न में अपना पहला टाइटल जीता था। सोमवार को, अल्काराज ने मेलबर्न में रॉयल एग्जीबिशन बिल्डिंग में एक सेलिब्रेशन फोटोशूट में भी हिस्सा लिया। अभी एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने अपने करियर में 15 बड़े टाइटल जीते हैं, जिसमें ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप, निट्टो एटीपी फाइनल्स में ट्रॉफी, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स और एक ओलंपिक सिगल्स गोल्ड मेडल शामिल हैं।

# अबू धाबी और ओस्ट्रावा में डब्ल्यूटीए टूर पर डेब्यू कर रहा मर्सिडीज-बेंज स्टार

**अबू धाबी, वार्ता।** मर्सिडीज-बेंज स्टार एक बार फिर टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर चमक रहा है। दिसम्बर में डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस एसोसिएशन) के साथ अपनी नई, लंबी अवधि की पार्टनरशिप की घोषणा के बाद, मर्सिडीज-बेंज अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में मुबाडाला अबू धाबी ओपन और चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा ओपन में डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, जहां यह आइकॉनिक स्टार पहली बार नेट पोस्ट साइन पर दिखेगा। डब्ल्यूटीए पार्टनरशिप के साथ, मर्सिडीज-बेंज टेनिस के प्रति अपनी प्रतिब(ता को और बढ़ा रही है और वैश्विक मंच पर खेल को और आगे ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षा को रेखांकित कर रही है।

डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर और एक्सक्लूसिव ऑटोमोबाइल पार्टनर के तौर पर, मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए 1000, 500 और 250 टूर्नामेंट में मौजूद रहेगी और खिलाड़ियों, प्रशंसकों और मेहमानों के लिए अनोखे अनुभव बनाने का लक्ष्य रखती है। साथ ही, यह पार्टनरशिप महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मर्सिडीज-बेंज की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों की अगली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है।

डब्ल्यूटीए वेंचर्स की सीईओ मरीना स्टोर्टी ने कहा,ष्हमें खुशी है कि मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए टूर के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, और यह आइकॉनिक स्टार दुनिया भर में महिला टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर दिखाया जाएगा। डब्ल्यूटीए और मर्सिडीज-बेंज हमारे खेल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और दुनिया भर में इसके विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

# श्रीलंका के विश्व कप दल में कामिंडु मेंडिस की वापसी



- **पाक के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय डीसिल्वा को बाहर का रास्ता दिखाया**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने शनिवार से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप के लिए अपने 15 सदस्ईय दल में कामिंडु मेंडिस को वापस बुलाया है और वह धनंजय डीसिल्वा की जगह लेंगे। 23 वर्षीय बल्लेबाज पवन रत्नायके को टीम में जगह मिली है, लेकिन तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन के लिए कोई जगह नहीं है।

सबसे बड़ी चर्चा का विषय कामिंडु की वापसी है, जो पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे और इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से पहले उन्हें बाहर कर दिया गया था।

लेकिन अब वह वापस आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। खुद कामिंडु भी हाल के महीनों में बेहतरीन फॉर्म में नहीं रहे हैं। 2025 की शुरुआत से उन्होंने इस फॉर्मेट में सिर्फ 159 रन बनाए हैं, जहां उनका औसत 19-87 का रहा है। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 130-32 रहा है, जो थोड़ी उम्मीद जरूर देता है।

गेंद के साथ धनंजय की उपयोगिता को उनकी शुरुआती चयन की वजह माना गया था, लेकिन दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कामिडु भी यह भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि 2025 की शुरुआत से उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ छह ओवर ही डाले हैं। इससे बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के लिए भी अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना खुल गई है, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी के अनुभव की कमी उसके खिलाफ जाती है।

वह वनडे टीम में कुछ हद तक नियमित रहे हैं, लेकिन 2024 में डेब्यू के बाद से उन्होंने सिर्फ छह टी-20 खेले हैं।

# कमिंस को आईपीएल के लिए वापसी करने की उम्मीद

## तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे है

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पेस लीडर पैट कमिस ने बताया है कि वह नेशनल टीम के आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा बनने के कितने करीब थे, क्योंकि यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर रहा है और साल के आखिर में होने वाले मुश्किल टेस्ट शेड्यूल पर नजर रखे हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, पीठ की पुरानी शिकायत समय पर ठीक नहीं होने के कारण कमिस को 7 फरवरी से शुरू होने वाले ज्20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की आखिरी 15 मेंबर वाली टीम से बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए, 31 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि रिहैबिलिटेशन के दौरान एक छोटी सी दिक्कत ने आखिरकार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। कमिंस ने कहा कि यह सच में बहुत बुरा था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक छोटी सी दिक्कत थी और सच में समय खत्म हो गया था। मैं कुछ हफ्ते आराम करूंगा और फिर आगे बढ़ूंगा।

कमिंस ने बताया कि एडिलेड टेस्ट के बाद, मेडिकल टीम ने अनुमान लगाया था कि प्रभावित हड्डी को पूरी तरह से ठीक होने और फिर ठीक होने में चार से आठ हफ्ते लगेंगे। शुरुआती संकेत अच्छे थे, लेकिन एक फॉलो-अप स्कैन से पता चला कि उन्हें और आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शुरू में, हमें लगा कि शायद सिर्फ चार हफ्ते लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन मैंने अभी एक फॉलो-अप स्कैन करवाया। उन्हें लगा कि शायद कुछ और हफ्ते लगेंगे, इसलिए टाइमलाइन थोड़ी ज्यादा हो गई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को उम्मीद है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी, जहां उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद को रिप्रेजेंट करना है। हालांकि, कमिस ने जोर देकर कहा कि उनकी प्राथमिकता साल के दूसरे हिस्से में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के व्यस्त शेड्यूल के लिए पूरी तरह से फिट होना है। ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज खेलनी है, जिसके बाद अक्टूबर से पहले दक्षिण अफ्रीका का तीन टेस्ट का दौरा होगा।



इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज होगी, ये सभी मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के खत्म होने से पहले होंगे। कमिंस ने कहा कि हमें लगा कि साल का पहला आधा हिस्सा आने वाले क्रिकेट को ध्यान में रखकर कंजर्वेटिव रहने का अच्छा समय है। हम इसे ठीक कर लेंगे, फिर उम्मीद है कि इसका मतलब होगा कि आपको इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, और आप बस बाहर जाकर वे सभी टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जबकि, अगर आप अभी इसके साथ सावधान नहीं हैं और यह बढ़ जाता है, तो आप थोड़ा पीछे भाग रहे हैं। पाकिस्तान से हाल ही में टी-20 सीरीज हारने और कई खास खिलाड़ियों के चोटिल होने की चिंताओं के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप में उतर रहा है, कमिस का मानना है कि टीम टाइटल के लिए चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप बी मैचों में आयरलैंड, जम्बिाब्वे, ओमान और को-होस्ट श्रीलंका का सामना करेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 4 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# डील पर राजनीति

अमेरिका के साथ आखिरकार सोमवार को ट्रेड डील हो ही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में महत्वपूर्ण आयात शुल्क कटौती शामिल होगी। इसमें यह दावा भी किया गया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी जहां भारत अमेरिका के नए व्यापार समझौते का स्वागत किया, वहीं सोशल मीडिया के पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की तरफ इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे, उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारत सरकार की तरफ से मंगलवार को ट्रेड डील पर पहला बयान आया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है और यह ऐसी डील है जिस पर भारतीयों को गर्व होगा। पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी दोनों सेक्टरों को सपोर्ट किया है। एक तरफ जहां मोदी खेमा इस डील को लेकर गदगद है, वहीं तमाम विपक्ष इस डील पर सवाल खड़े कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी पर यह कहकर सीधा हमला ही बोल दिया और कहा कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है। इसलिए श्री मोदी ने डरकर अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत के हितों से समझौता कर देश को बेच दिया है। उनका कहना था कि वे तीन बातें बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पीएम मोदी घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था, इस बारे में जो मैं जानता हूं वह पीएम मोदी भी जानते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार की शाम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर साइन किए, उन पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की जनता को इस संबंध में सोचना चाहिए। सरकार डरी हुई है इसलिए संसद में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह पर है कि ट्रेड डील अपने अंजाम को पहुंच गई, लेकिन अभी खुलकर बातें सामने नहीं आई हैं और न ही दोनों तरफ से संयुक्त वक्तव्य सामने आया है। तमाम जानकारी अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ही सामने आ रही है।

## नागरिकों व उद्योगों को व्यापक लाभ होगा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में है, दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं, समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं, भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है, दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं, जिनसे विश्व को लाभ होगा, समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**-अश्विनी वैष्णव**
**रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# कैंसर की बढ़ती आहट और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



कैंसर आज वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन चुका है। यही कारण है कि कैंसर जैसे जानलेवा रोग के कारणों, उसकी समय पर पहचान और रोकथाम के प्रति लोगों को सजग करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जो न केवल स्वास्थ्य तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी है। करीब एक दशक तक चले दो वैश्विक अध्ययनों में कुछ समय पूर्व यह तथ्य भी उभरकर सामने आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनियाभर में करीब 26 लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुनियाभर में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हुई, जिनमें में से 21 लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, 20 लाख की स्तन कैंसर, 18 लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, 12 लाख की प्रोस्टेट कैंसर, 11 लाख की त्वचा कैंसर और 10 लाख कैंसर मरीजों की मृत्यु पेट के कैंसर के कारण हुई।

कैंसर से मौतों का यह आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है और अब यह प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच गया है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले सामने आते हैं, उनमें से करीब 22 फीसदी तम्बाकू के किसी भी रूप में सेवन के कारण ही होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन ने एक व्यापक अध्ययन के बाद 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक अपनी एक रिपोर्ट पेश की थी, उसके अनुसार भारत में मृत्यु के दस बड़े कारणों में से कैंसर दूसरे स्थान पर है। 'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेन्टीना, कोलम्बिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से उभरता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवम्बर 2019 में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थाई समिति ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में ट्रीटमेंट हब (विशिष्ट इलाज केन्द्र) बनाने की सिफारिश की थी। समिति को अक्तूबर 2019 में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई थी कि भारत में प्रतिवर्ष कैंसर के करीब सोलह लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 फीसदी मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है, जिसके लिए एक ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति द्वारा मुम्बई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केन्द्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की गई थी।

बहरहाल, केन्द्र सरकार द्वारा कैंसर के सस्ते इलाज के लिए कुछ आवश्यक कदम उठाते हुए देश-विदेश के सरकारी और गैर सरकारी करीब 170 अस्पतालों का एक समूह बनाकर 'नेशनल कैंसर ग्रिड' बनाया गया ताकि यह कैंसर मरीजों तक कैंसर विशेषज्ञों की सलाह और इलाज के तौर-तरीकों को पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ग्रिड में शामिल अस्पतालों के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं। मरीज को एक बार डॉक्टर के पास जाकर अपनी जांच करा लेने के बाद फिर बार-बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल मरीज का सारा डाटा एक एप में डालकर कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श हासिल किया जा सकता है। फिलहाल ए सेवाएं गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए मुफ्त हैं। शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात करें तो हालांकि कई बार शुरूआती दौर में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते लेकिन फिर भी इसके अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। अगर शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल तथा कम साइड इफैक्ट्स के साथ संभव हुआ है लेकिन अगर इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है तो यह बेहद चिंताजनक है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो मरीज का कैंसर ठीक ही नहीं होता या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने की संभावना बरकरार रहती है। हालांकि आज कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं रहा, चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं।

**...साभार**



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अत्यधिक वसा और मीठे से ऐसे प्रभावित होता है मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।



जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

## दावा: ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ

**तेहरान।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है।

## यूएई ने अजरबैजान से सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी के लिए समझौता किया

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) की सहायक कंपनी एक्सआरजी ने सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अजरबैजान अर्थव्यवस्था मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यह समझौता कई शर्तों पर निर्भर है, जिसमें नियमित नियामक और विश्वास विरोधी मंजूरी हासिल करना शामिल है।

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं

### कहा: भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं बोला, हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला



■ अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है

टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डालर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था। भारत ने अकेले 52.73 अरब डालर का कच्चा तेल रूस से खरीदा था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डालर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है।

# अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत

### अब कम ताकतवर देशों से नई दिल्ली बढ़ा रहा दोस्ती, ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था। भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है।

एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है। इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर आफ आल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतर्राष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भारत उन देशों में शामिल है



■ अपने भाषण में दावोस ने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था

## रूस से तेल खरीद रोकने, अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि के लिए तैयार हुआ भारत: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवत: वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा।

जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने लगे हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनामी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टाप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए, लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं। भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था। इसके बाद दिसम्बर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे। पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स। यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ था। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।

## अमेरिका-भारत साझेदारी मंच ने किया ट्रम्प की व्यापार संबंधी घोषणा का स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद की गई व्यापार संबंधी घोषणा का मंगलवार को स्वागत किया। दोनों नेताओं ने सोमवार देर रात भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

घोषणा के तहत भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान है, जिसे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा रहा है। समझौते का विस्तृत स्वरूप अभी सामने नहीं आया है, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि यह कदम दोनों पक्षों की ओर से एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रस्तावित बीटीए में शुल्क, बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य व्यापारिक मुद्दे शामिल होंगे। मंच के अनुसार, पूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक मजबूती को भी बल मिलेगा। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि दोनों देशों की सरकारों ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में वार्ता के अतिरिक्त चरण और बातचीत होने की संभावना है। मंच ने इस घोषणा से उत्पन्न सकारात्मक गति पर आशा व्यक्त करते हुए दोनों सरकारों के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यूएसआईएसपीएफ ने यह भी कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि स्थिर, मजबूत और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल भारत के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है। यह समझौता भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कटौती के निर्णय की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिस पर ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई थी।

## मेलबर्न में महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने की ऑस्ट्रेलिया से तुरंत कार्रवाई की मांग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के रोवविले स्थित आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी कर ली गई है। इस घटना ने भारतीय-आस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है और तुरंत कार्रवाई कर प्रतिमा की वापसी और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की मांग की है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 फरवरी 2026 को मीडिया से बातचीत में कहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी। हमने आस्ट्रेलियाई अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस चोरी की तत्काल जांच हो, प्रतिमा को वापस लाया जाए और दोषियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रतिमा की चोरी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस वारदात के पीछे कौन है और प्रतिमा कहां है।

## कनाडा में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी।

■ कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया

इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं। सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बार्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है।

## नार्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

### यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा था: मैं पत्नी की तलाश में हूं

**ओस्लो।** नार्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिसेंस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नार्वे के अखबार वीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नार्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया कि मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं। मेटे-मारिट का जन्म नार्वे



■ मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था, यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं

में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वालपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नार्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं। कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'साफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी। फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, डड (मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयार्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं थीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं था। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।

## इटली के पूर्व पीएम बोले: ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

**ब्रसेल्स।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल आर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनामिक आर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के

■ अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है और चीन सस्ता माल डंप करता है

अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए। द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है।

## रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइलों, 450 ड्रोन से बरपाया कहर

### हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को



■ अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है

बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रम्प प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लित्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेटियाना बेरेजना ने बताया कि कीव में एक ऐतिहासिक संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा है।

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चीन ने तैयार की नई आद्रभूमि संरक्षण व्यवस्था

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग ने अपने तालाब और दलदल स्थलों की सुरक्षा के लिए एक बहु-स्तरित संरक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिससे उसकी वन्यजीव आबादी को प्रमुख आवास मिलेगा। बीजिंग नगर पालिका वानिकी और उद्यान ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि यह नई व्यवस्था उसके 83.15 प्रतिशत तालाबों और दलदलों को संरक्षित करती है। ब्यूरो के अनुसार, यह नई व्यवस्था वन्यजीव विविधता संरक्षण और दूसरे इकोलॉजिकल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए बीजिंग के प्राकृतिक रिजर्व, आद्रभूमि पार्क और दूसरे छोटे संरक्षित आद्रभूमि इलाकों का इस्तेमाल करता है। पिछले पांच वर्षों में बीजिंग ने आद्रभूमि संरक्षण को बेहतर बनाने का काम जारी रखा गया है।

